वर्ष- 21 अंक - 331 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, रविवार 17 मई 2026

# रतलाम के पास ट्रेन में लगी आग

## बाल-बाल बचे 68 यात्री, 2 कोच में लगी आग से मची अफरा-तफरी

**रतलाम.एजेंसी।** त्रिवेंद्रम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस (12431) के दो एसी कोच में आज सुबह करीब साढ़े पांच बजे भीषण आग लग गई। यह हादसा कोटा रेल मंडल के अंतर्गत रतलाम जिले के आलोट स्टेशन के पास लूणी रिच्छा-विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन के बीच हुआ है। गनीमत यह रही कि समय रहते सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। फिलहाल दिल्ली मुंबई रेलवे ट्रैक पर ट्रैफिक को रोका गया है।

हादसा उस वक्त हुआ जब ट्रेन अपनी रफ्तार में रतलाम के लूणीरिच्छा-विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन के बीच से गुजर रही थी, तभी सुबह करीब साढ़े पांच बजे ट्रेन के गार्ड ने ट्रेन से धुआं निकलता देखा और इसकी सूचना इंजन चालक को दी।

इसके तुरंत बाद ट्रेन को आपातकालीन स्थिति में ट्रैक पर रोका गया और आरपीएफ स्टाफ ने मोर्चा संभालते हुए महज 15 मिनट के अंदर सभी पैसेंजर्स की डि-बोर्डिंग पूरी करवाई। जिस कोच में आग लगी थी, उस में 68 यात्री सवार थे। ट्रेन में मौजूद स्टाफ और आरपीएफ की सतर्कता से सभी यात्री सुरक्षित हैं। साथ ही रेलवे ने प्रभावित कोच को ट्रेन से अलग (डिटैच) कर दिया।



## टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और चिप बनाने वाली डच कंपनी में बड़ी डील

**रविवार.एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीदरलैंड यात्रा के दौरान 11वीं सदी की ऐतिहासिक चोल ताम्र पट्टिकाओं को भारत लाने पर समझौता हुआ। द हेग में टाटा आयोजित एक कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स और डच कंपनी एएसएमएल के बीच भी समझौता हुआ। यह करार सेमीकंडक्टर और चिप तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए है।

## दिल्ली में फिर महंगी हुई सीएनजी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी की कीमतों में लगातार दूसरी बार बढ़ोतरी की गई है। आज से सीएनजी एक रुपये प्रति किलो महंगी हो गई है। इस फैसले के बाद अब दिल्ली में सीएनजी 80.09 रुपये और नोएडा-गाजियाबाद में 88.70 रुपये प्रति किलो मिलेगी। दो दिनों के अंदर ये दूसरी बढ़ोतरी है, क्योंकि इससे पहले 15 मई को भी दाम दो रुपये बढ़ाए गए थे।

## दिल्ली में मोदी से मिलेंगे एक्टर सीएम विजय

**चेन्नेई.एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय 22 मई को नई दिल्ली का दौरा कर प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे और तमिलनाडु के मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

## देवास के पास मिनी ट्रक पलटने से 3 मजदूरों की मौत, 2 घायल

**देवास.एजेंसी।** देवास अंचल के पीपलरावा थाना क्षेत्र में बैराखेड़ी गांव के पास प्याज से भरा एक मिनी ट्रक पलट गया। इस हादसे में मिनी ट्रक के ऊपर सो रहे 3 मजदूरों की मौत हो गई जबकि 2 मजदूर घायल हो गए। यह ट्रक प्याज भरकर गंधर्वपुरी क्षेत्र से चौबाराधीरा की ओर जा रहा था। तभी यह मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। संभवतः ड्राइवर को नींद की झपकी लगने के कारण यह हादसा हुआ। दोनों घायलों को सोनकच्छ के अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# भोजशाला में लगा मां वाग्देवी का कटआउट

## ढोल-नगाड़े, बैंड-बाजे और जयघोष से गूंजा पूरा परिसर

**धार.एजेंसी।** धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला में आज एक ऐसा दृश्य दिखाई दिया, जिसने वर्षों पुराने संघर्ष, आस्था और प्रतीक्षा को एक नई दिशा दे दी। प्रतिदिन पूजा की अनुमति दिए जाने के पश्चात पहली बार बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबी मां वाग्देवी का कटआउट लेकर भोजशाला पहुंचे। पूरे परिसर में 'राजा भोज की जय', 'मां वाग्देवी की जय' और वैदिक मंत्रोच्चार की गूंज सुनाई देती रही।

सुबह से ही श्रद्धालुओं का उत्साह देखते बन रहा था। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने भोजशाला





परिसर में प्रवेश किया। महिलाएं, युवा, बुजुर्ग और बच्चे हाथों में मां सरस्वती के चित्र और धार्मिक ध्वज लिए पहुंचे। वातावरण पूरी तरह धार्मिक और उत्सवी रंग में रंगा नजर आया।

## इबोला वायरस से 80 लोगों की मौत

**रविवार.एजेंसी।** वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने कांगो और युगांडा में फैले इबोला के प्रकोप को इंटरनेशनल पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया है। शनिवार तक कांगो के इटुरी प्रांत में कम से कम तीन स्वास्थ्य क्षेत्रों (बुनिया, रवामपारा और मोंगबवालू) में 80 लोगों की मौत इबोला वायरस से हो चुकी है। जबकि इस वायरस के करीब 250 केस सामने आए हैं।

## हम दो, हमारे चार करने पर 70 हजार

**अमरावती.एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने राज्य में जनसंख्या बढ़ाने के लिए तीसरे बच्चे के जन्म पर 30 हजार रुपए और चौथे बच्चे पर 40 हजार रुपये देने का ऐलान किया है। एक तरह से उन्होंने 4 बच्चे पैदा करने पर 70 हजार देने का ऐलान किया है।

## तरबूज के साथ आम खाने से पूरा परिवार बीमार, 1 की मौत

**भुवनेश्वर.एजेंसी।** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में कुकुनी गांव में एक ही परिवार के चार लोग तरबूज, पके आम और नारियल खाने के बाद गंभीर रूप से बीमार पड़ गए। सभी को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान एक नाबालिग लड़के की मौत हो गई।

## बड़े धमाके से दहल गया इजराइल

**रविवार.एजेंसी।** इजरायल के मध्य इलाके बेइत शेमेश में अचानक जोरदार धमाका हुआ। धमाका इतना बड़ा था कि आसपास के इलाकों में रहने वाले लोग घबरा गए और कुछ ही देर में आसमान काले धुएं से भर गया। यह विस्फोट इजरायल की सरकारी डिफेंस कंपनी टोमर के टेस्टिंग ग्राउंड में हुआ। यही कंपनी एरो-2 और एरो-3 जैसे मिसाइल डिफेंस सिस्टम के लिए रॉकेट इंजन बनाती है। कंपनी ने इसे 'कंट्रोल्ड टेस्ट' बताया है।

# ट्रंप की हत्या के लिए 500 करोड़ की सुपारी



**तेहरान ● एजेंसी**

ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की हत्या के लिए 500 करोड़ रुपए की सुपारी दी है। इस खबर के सामने आने के बाद वॉशिंगटन में हलचल मच गई है। ट्रंप को हमेशा के लिए रास्ते से हटाने के लिए बाकायदा एक सरकारी कानून का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। इस कानून के तहत जो भी इंसान या संस्था अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ इस 'धार्मिक और वैचारिक मिशन' को पूरा करेगी, उसे ईरान सरकार अपनी तिजोरी से 54 मिलियन डॉलर या 500 करोड़ रुपये का नकद इनाम देगी। सिर्फ ट्रंप ही नहीं, बल्कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड के कमांडर भी उनकी हिट लिस्ट में हैं। उन्होंने दुनिया भर के मुसलमानों और आजाद ख्याल लोगों से अपील की है कि वे आगे आएं और अमेरिकी राष्ट्रपति को उनके किए की खौफनाक सजा दें।




## अब बंगाल में भी चले बुलडोजर

**कोलकाता.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनते ही यहां भी योगी की तरह बुलडोजर चलने लगा। देर रात हावड़ा स्टेशन के बाहर एक बड़ा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। हावड़ा स्टेशन के ठीक बाहर स्थित गंगा घाट और बस स्टैंड के आसपास फुटपाथों और सार्वजनिक रास्तों पर अवैध रूप से कब्जा करके चलाई जा रही दुकानों और व्यवसायों पर प्रशासन का बुलडोजर गरजा।



# रिक्शा चालक संघ पदाधिकारियों ने भी दिए संवाद में सुझाव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव के स्वच्छता संवाद और शहर विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत कल भगवा ऑटो रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष वीरेन्द्रकुमार त्रिपाठी एवं पदाधिकारी और चालक सदस्यों ने संवाद में शिरकत कर सुझाव दिए। यातायात व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन को लेकर भी चर्चा हुई। दोनों को आधुनिक व्यवस्थित बनाए जाने पर जोर दिया गया। खासतौर से शहर के व्यस्त बाजार, प्रमुख चौराहा पर पार्किंग सुनियोजित की जाए। बाजारों में स्मार्ट पार्किंग, ऑटो रिक्शा और सार्वजनिक वाहनों के लिए पार्किंग स्टैंड, ट्रैफिक दबाव वाले क्षेत्रों में डिजिटल ट्रैफिक मॉनिटरिंग बढ़ाई जाए, यातायात सुधार हेतु नागरिक सहभागिता अभियान चलाए जाएं, शहर में बढ़ते डिजिटल एवं मल्टी-वेंडर व्यापार मॉडल को ध्यान में रखते हुए नई ट्रैफिक नीति तैयार की जाए।

# महापौर ने किया व्यापारियों के साथ स्वच्छता संवाद



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कल शहर के विभिन्न व्यापारी संगठनों और व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर स्वच्छता, यातायात, जल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, बाजार क्षेत्रों के विकास और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। व्यापारियों ने शहर विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। नगर निगम के अलावा भी पुलिस, आरटीओ और अन्य विषय पर भी दिए। प्रारम्भ में महापौर के कार्यकाल वाली निगम परिषद और निगम के साढ़े तीन वर्षो के विकास कार्यों की वीडियो प्रस्तुति दी गई। संवाद में इंदौर पेट्रोल डीलर एसोसिएशन, सराफा बाजार एसोसिएशन, सराफा चौपाटी एसोसिएशन, छप्पन दुकान एसोसिएशन, गुरुनानक टिम्बर मार्केट एसोसिएशन, शास्त्री मार्केट व्यापारी संघ, इंदौर रेडीमेड एसोसिएशन, सियागंज व्यापारी एसोसिएशन, पालिका प्लाजा व्यापारी संघ, एमपी टिम्बर एसोसिएशन, नमकीन एवं मिठाई एसोसिएशन, सीतलामाता बाजार एसोसिएशन सहित कई प्रमुख संगठन शामिल हुए। औद्योगिक क्षेत्र सांवेर रोड से अतिक्रमण हटाया जाएं, पेयजल समस्या का समाधान किया जाए,नए वाहन चालकों को यातायात और ड्रायविंग व्यवहार, नियम का प्रशिक्षण दिया जाएं, तालाबों का गहरीकरण और चौडीकरण हो और वहां से अतिक्रमण हटाया जाएं, सार्वजनिक स्थानों पर अतिरिक्त डस्टबिन लगाए जाएं, टिम्बर मार्केट में पानी की टंकी बनाई जाएं, सब्जी मंडियों में फल-सब्जियों की गुणवत्ता जांच को नियमित करने की मांग, छोटा सराफा, मोरसली गली और शक्कर बाजार क्षेत्र में प्रस्तावित सड़क कार्य शीघ्र प्रारंभ करने तथा अतिरिक्त सार्वजनिक शौचालय निर्माण का आग्रह, बिल्डरों द्वारा निर्माण स्थलों पर परियोजना की विस्तृत जानकारी प्रदर्शित करने का सुझाव, ताकि जवाबदेही बढ़े। महापौर ने व्यापारियों की बात सुनकर कहा कि लगातार सभी लोगों से मैं बात कर रहा हूं, हम 2050 की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकास कर रहे है, बढ़ती आबादी के मद्देनजर नर्मदा नदी के चौथे चरण की जल परियोजना पर कार्य जारी है, जिससे वर्ष 2050 तक की पेयजल आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकेगा। यह परियोजना वर्ष 2029 तक पूर्ण होगी।



# कांग्रेस नेता और युवा मोर्चा पदाधिकारी रहे जयंती पर मौजूद

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर कल प्रीतमलाल दुआ सभागृह में सर्व राजपूत समाज धार्मिक एवं परमार्थिक ट्रस्ट तथा राजपूत समाज के समस्त संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में राजपूत समाजजन मौजूद रहे। कांग्रेस के पार्षदपति अमित पटेल, पार्षद राजू भदौरिया एवं युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास राणावत के अलावा रतनसिंह राजपूत, गजराजसिंह सोलंकी, कुलदीपसिंह जादोन, राजपालसिंह जोलाय, शंकरसिंह पंवार, किशोरसिंह पंवार सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई। देश के वीर सपूत को याद किया और उनके जीवन पर प्रकाश भी डाला गया।





# सिंह दम्पति ने की शिरकत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

भोपाल निकलने के पहले सांसद दिग्विजय सिंह ने अपनी धर्मपत्नी अमृता सिंह के साथ शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुरजीतसिंह चड्ढा के निवास पर शिरकत की। लंच पर कई विषय पर चर्चा भी हुई। कई कांग्रेस नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे। उक्त जानकारी नासिर खान ने दी।

# कांग्रेसियों के हाथों में तख्तियां और नारेबाजी




# पेपर लीक को गंभीर बताया, दोषियों पर कार्रवाई हो

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर और जिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में कल गांधी प्रतिमा के समीप नीट परीक्षा के प्रश्न-पत्र लीक होने के मामले में प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसियों के हाथों में नीट परीक्षा से संबंधित स्लोगन लिखे हुए थे। कांग्रेसी एक तरफ तख्ती अपने हाथों में लहरा रहे थे तो दूसरी तरफ नारेबाजी भी जमकर की जा रही थी। कांग्रेसियों का कहना था कि 22 लाख परीक्षार्थियों के साथ खिलवाड़ किया गया है। चिंटू चौकसे, विपिन वानखेड़े, राजेश चौकसे, डॉ. दौलत पटेल, मोतीसिंह पटेल मौजूद थे।

# शर्मा के आगमन पर स्वागत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश योग आयोग के अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र शर्मा के नगरागमन पर स्कूल शिक्षा विभाग के व्यायाम शिक्षक एवं योग प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा स्वागत किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ शांता स्वामी भार्गव के नेतृत्व में जिला क्रीड़ा अधिकारी विक्रांत आखरे, हेमंत सिंह पंवार, झम्मन सिंह चौहान, दिनेश परमार, महावीर मालवीय, राहुल बछोतिया, जगदीश जोशी, अनिल परमार, संजय वर्मा, अनुराग तिवारी, ने स्वागत किया।



# विजयवर्गीय के साथ बम भी पहुंचे जोशी निवास

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** तीन बार के विधायक रहे अश्विन जोशी के निधन के बाद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और उनके साथ अक्षय बम भी जोशी के निवास पर पहुंचे। जोशी के चित्र पर विजयवर्गीय और बम ने पुष्पांजलि अर्पित की। फिर बाहर परिजनों और निकट के लोगों के साथ विजयवर्गीय और बम बैठे भी।





# विधायक उषा ठाकुर को गौमूत्र से करना चाहिए स्नान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा नेता सुनील पुरोहित ने कहा कि कल सांसद दिग्विजय सिंह और विधायक उषा ठाकुर की मुलाकात हुई थी और सनातनी मामले में दोनों के बीच काफी देर तक चर्चा हुई। दिग्विजय सिंह ने बहन उषा ठाकुर को स्पर्श भी किया। इस पर सुनील पुरोहित ने कहा कि कई मामले में चर्चित रहने वाले सिंह के स्पर्श के बाद विधायक उषा ठाकुर को गौमूत्र स्नान करना चाहिए। यह सलाह सुनील पुरोहित ने दी है।

# शाकिर मसूदी परिवार में पहुंचे कांग्रेस नेता



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कांग्रेस नेता शेख शाकिर मसूदी के निवास पर कई कांग्रेस नेता पहुंचे। शेख शाकिर मसूदी के छोटे भाई अनवर शेख का बीमारी के चलते निधन हुआ था। शोक संवेदना व्यक्त करने मसूदी के निवास पर पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजेश चौकसे, मनोज राजानी, अनवर खान, वाहिद अली, संत शेख मलिक ने निधन पर शोक जताया और ढांढस भी बंधाया। शोक जताने आए कांग्रेस नेता सत्यनारायण पटेल, चिंटू चौकसे, हर्ष जैन, अभय वर्मा, उमंग सिंघार, विपिन वानखेडे, प्रियंका पांडे, विनय बाकलीवाल, मिथिलेश जोशी, सलमान पठान, साजिद शेख, फिरोज खान सहित अन्य ने भी श्रद्धांजलि दी।

# पार्षद ने टीम के साथ वितरित कराया प्रसाद



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विधानसभा 5 के वार्ड 51 मूसाखेड़ी रिंगरोड पर कल शनैश्चरी अमावस्या पर भगवान शनिदेव का प्रसाद चलित भंडारा के रूप में सांवरिया धाम मित्र मंडल द्वारा वितरित किया गया। पार्षद मलखानसिंह कटारिया, एमआईसी सदस्य राजेश उदावत के अलावा भाजपाई रोहित पालीवाल, भगवती उपाध्याय, आकाश जोशी, कैलाश जोशी, जितेंद्र वर्मा, लकी, विशाल जोशी, अक्षय जोशी, भावेश, रोशन, नरेश पुरोहित, हेमंत, सोनू, मनोज, मदन उपाध्याय सहित अन्य श्रद्धालुओं के साथ मौजूद रहे।



## मिंडा का स्वागत करने पहुंचे कांग्रेसी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। निगम में नेता प्रतिपक्ष रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश मिंडा के अवतरण दिवस पर कल उनके निवास पर अलग-अलग समय अलग-अलग कांग्रेसी पहुंचते रहे और उनका जन्मदिवस पर सम्मान करते रहे। राजेश जोशी, राजीव शर्मा, विनायक राव, नंदकिशोर शर्मा, दिलीप बोलधने, गंगेश हटकर, अजय मालवी, समद, अशफाक, भगवानसिंह पटेल, शिव शर्मा, मनोज दाधीच, राजेंद्र गुप्ता, हेमंत शर्मा, अशोक गुप्ता, अरविंद पांडे मौजूद थे।

## आम आदमी पार्टी ने भी जताया पेट्रोल डीजल वृद्धि का विरोध

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष कमल गुप्ता ने बताया कि केन्द्र सरकार के वरदहस्त के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3-3 रुपए लीटर की वृद्धि हुई है। इस समय सरकार को डीजल और पेट्रोल के मूल्य में वृद्धि करना थी तो मूल्य वृद्धि के साथ अगर टैक्स कम कर दिया जाता तो इस महंगाई के युग में और महंगाई का काम सामने नहीं आता। पहले यह ब्रांडेड दूध, सोना महंगा किया जा चुका है लेकिन पेट्रोल और डीजल से सीधे महंगाई का असर नजर आएगा। परिवहन के साधन महंगे होंगे, ट्रांसपोर्टर भाडा बढ़ाएंगे, लोक परिवहन की बसें एवं यात्री बसें भी अपना भाड़ा बढ़ाएंगी जिससे सीधी महंगाई की मार आम जनता को होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केवल भावनात्मक उदबोधन देकर जनता को भ्रमित कर रहे है। उन्हें तत्काल डीजल-पेट्रोल से टैक्स कम करना चाहिए।



## विधायक और पार्षद ने बटन दबाया और आ गया पानी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विधायक महेन्द्र हार्डिया और वार्ड 54 के पार्षद महेश बसवाल ने साटन पार्क और अमन नगर बस्ती में पूर्व में बोरिंग करवाए थे और अब मोटर व पाइप डालकर घर-घर कनेक्शन का कार्य भी करवाया गया। बोरिंग का बटन दबाते ही घरों में बोरिंग का पानी पहुंचना शुरू हो गया। गोपाल सिंगार, गीतांजलि पिवाल, मुकेश जारवाल, दिनेश रोकड़े, नवीन गंनावा, सीमा मुंगेलवाल, रिंकी भदौरिया, आयुष कोचले, अजय कालू चौहान एवं रहवासी मौजूद थे।

## भाजपा नेता ने पोस्टर से दिया ईंधन बचाने का संदेश




इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। संघ से जुड़े रहे भाजपा नेता गोपाल गोयल ने आज राजवाड़ा से ई-बाइक जागरूकता रैली निकाली। बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता और अग्रवाल समाजजन भी इस जागरूकता रैली में पहुंचे। सभी के हाथों में डीजल-पेट्रोल बचाओ देश बचाओ और प्रधानमंत्री की अपील मानो के संदेश की तख्तियां थी।



## विधायक की मौजूदगी में शिव सिंह का सम्मान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। बाबा मस्त बजरंग बली परिसर में संस्था के संरक्षक शिवसिंह गौड़ का अवतरण दिवस विधायक मालिनी गौड़ की मौजूदगी में मनाया गया। गौड़ को फूलमालाओं से लादा गया। दोस्ती के गीत भी गाए गए। राजेश कल्याणे, महेंद्रसिंह रघुवंशी, दयाराम खंडेलवाल, प्रहलाद राठौर, सुधीर चौधरी, प्रेम राठौर, दीपक राठौड़, नितिन जैन, मनोज चंदेल, डॉ. प्रहलाद कड़वाल, अजय मिश्रा, नरेंद्र गौड़, राजा भैया गौड़, मुकेश गुप्ता, गुड्डा गुप्ता, आकाश चंदेल, धर्मेंद्र सिंगोडीया, प्रदीप जैन, राकेश मोदी, महेंद्र कोकरे, ऋषि वर्मा, मनोहरलाल वर्मा, अंकित जैन, अनूप पाठक मौजूद थे।

## भाजपा अध्यक्ष को पटवारी की जगह द्विवेदी का जवाब

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा को जवाब दिया और कहा कि ब्लाक अध्यक्ष के निलम्बन पर ज़ो जवाब सुमित मिश्रा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से मांगा था उसके जवाब में कहा गया है कि किसी भी वरिष्ठ नेता के लिए कोई भी नेता टिप्पणी करता है को वह अशोभनीय और अनुशासनहीनता श्रेणी में आता है। इस मामले में द्विवेदी ने उदाहरण भी दिया कि भोपाल के भाजपा नेता कृष्णा घाटगे ने सोशल मीडिया पर उनके ध्दारा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद पर टिप्पणी की, टिप्पणी के आधार पर भोपाल भाजपा जिलाध्यक्ष ध्दारा नोटिस जारी किया गया। नोटिस क्यों जारी किया गया, वरिष्ठ नेता के लिए टिप्पणी अशोभनीय लगी इसलिए। कांग्रेस के इंदौर ब्लाक अध्यक्ष की टिप्पणी पर भी कांग्रेस के विधान अनुसार कार्यवाही हुई। सबसे पहले आईना देखें और अपने दल पर उसकी नीति, कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करें फिर अन्य दलों को उपदेश देने का प्रयास किया करें।

# राजा बोले चिंटू चौकसे को एक पद छोड़ देना चाहिए

### पूर्व में भी दिग्गी के आगमन पर कार में हुई थी चर्चा, तब भी आया था राजू भदौरिया का नाम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद दिग्विजय सिंह दो दिवसीय प्रवास पर इंदौर मे थे और कल जब उन्होंने 40 से अधिक कांग्रेसियों की मौजूदगी में पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीतसिंह चड्ढा के यहां भोज पर कांग्रेसियों से मुलाकात की थी। इस दौरान चिंटू चौकसे के एक पद की बात आई तो राजा दिग्विजय सिंह ने कहा कि चिंटू चौकसे को एक पद छोड़ देना चाहिए, मैंने इस मामले में जीतू पटवारी और हरीश चौधरी को भी बोला था कि एक व्यक्ति दो पद पर नहीं रहना चाहिए, इससे गलत संदेश जा रहा है। राजा ने यहां तक कहा कि एक पद चिंटू को खुद छोड़ देना चाहिए और दूसरों को भी मौका मिलना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पूर्व में जब राजा इंदौर आए थे और कार में सफर कर रहे थे उस दौरान दिग्विजय सिंह के साथ सुरजीतसिंह चड्ढा, सदाशिव यादव के साथ चिंटू चौकसे भी मौजूद थे और उस समय भी राजा ने चिंटू से यही कहा था कि चिंटू एक पद छोड़ दो इस पर चिंटू ने कहा था कि हां एक पद छोड़ देता हूं, राजू भदौरिया को पद दिलवा दो, इस पर भी राजा ने कहा था कि तुम लिखकर दे दों मैं ऊपर से इसको हरी झंडी दिलवा दूंगा, लेकिन चिंटू चौकसे ने आज तक लिखकर नहीं दिया और आज भी निगम में नेताप्रतिपक्ष के साथ शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद पर चौकसे काबिज है। सूत्रों का यही कहना है कि जीतू पटवारी भी यही चाहते हैं कि कुछ समय और चिंटू चौकसे दोनों पदों पर काबिज रहे। कल इस दौरान नासिर खान, सुरजीतसिंह चड्ढा, दीपू यादव, अरविंद बागड़ी, सदाशिव यादव, राजू भदौरिया, रफीक खान, सादिक खान, देवेन्द्र यादव,जय हार्डिया, मिलाप शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।

## सरपंच ने चलाया स्वच्छता अभियान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। धार स्थित बांक पंचायत के नूरानी नगर कालोनी में नजाफ़त कमेटी के साथ सरपंच सोहराब पटेल ने पूरे क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया। दुकानदार, रहवासी से आग्रह किया गया कि वे सामग्री डस्टबिन में ही डाले और जब कचरा वाहन आए तो समय पर गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डाले। अब अगर गंदगी पाई जाती है तो चालानी कार्रवाई भी की जाएगी।



## मधु वर्मा रिक्शा में बैठकर करते रहे फोन पर बात

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ईंधन बचाने के संदेश का असर दिखाई दे रहा है। अब विधायक मधु वर्मा ने भी एक दिन रिक्शा की राह थामी और अपने काम निपटाए। इस दौरान वे रिक्शा में बैठकर मोबाइल पर चर्चा करते नजर आए।



# इंदौर के मास्टर प्लान का प्रस्ताव भोपाल में एक साल से लम्बित

## 200 रियल एस्टेट प्रोजेक्ट रुके, 1000 करोड़ का निवेश हुआ प्रभावित बिल्डरों ने किसानों से जमीनों के सौदे किए रद्द

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर का विकास नया मास्टर प्लान नहीं आने से ठप पड़ गया है, क्योंकि इंदौर प्रदेश की आर्थिक राजधानी और रियल एस्टेट कारोबार का हब है, लेकिन वर्तमान हालात निराशाजनक हैं। मास्टर प्लान नहीं आने से इंदौर में 200 रियल एस्टेट प्रोजेक्ट उलझे हुए हैं, जिससे इंदौर में होने वाला एक हजार करोड़ का निवेश प्रभावित हो रहा है। मास्टर प्लान नहीं होने के कारण किसानों और बिल्डरों के बीच हुए जमीनों के सौदे अब निरस्त करने पड़ रहे हैं। साथ ही नई टाउनशिप विकसित करने के लिए नए अभिन्यास को मंजूरी नहीं दी जा रही है, जिसके चलते शहर के आस-पास नई कॉलोनियां विकसित नहीं हो रही हैं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि इंदौर-भोपाल का मास्टर प्लान तैयार है। आगामी दो से तीन माह में संभवतः प्रकाशन हो सकता है।

### सरकार और मंत्री दोनों दे रहे आश्वासन

इंदौर क्रेडाई के अध्यक्ष विजय गांधी ने बताया कि इंदौर का मास्टर प्लान भोपाल में उलझा हुआ है, जबकि मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय हैं, जो इंदौर के जननेता भी हैं। उनके नगरीय प्रशासन मंत्री रहते हुए इंदौर के मास्टर प्लान का प्रस्ताव भोपाल में लंबित पड़ा हुआ है। मास्टर प्लान नहीं आने से इंदौर का रियल एस्टेट कारोबार खटाई में पड़ गया है। साल 2022 में इंदौर के नए मास्टर प्लान को मंजूरी दी जानी चाहिए थी, लेकिन अब 2026 चल रहा है। फिलहाल यह भी उम्मीद नहीं है कि मास्टर प्लान आगामी 6 माह में लागू हो जाएगा। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग द्वारा साल 2022 में नगर निगम तथा ग्राम निवेश सीमा का विस्तार किया गया है, जिसके तहत प्लानिंग एरिया में 79 गांवों को शामिल किया गया है। इसमें बिल्डरों के लगभग 250 से अधिक नई कॉलोनियों के प्रोजेक्ट बनाए गए थे, जिनके नक्शे टाउन एंड कंट्री से पास नहीं हुए हैं।

### किसानों से जमीनों के सौदे किए निरस्त

रियल एस्टेट कारोबारी शुभम जैन ने बताया कि नए प्रोजेक्ट पर काम नहीं हो रहा है। किसानों से जमीनों के जो सौदे किए गए थे, वे नया मास्टर प्लान नहीं आने के कारण निरस्त करने पड़ रहे हैं, क्योंकि जो अनुबंध किए गए थे, उसके अनुसार किसानों को भुगतान करना है। अभी किसानों को यह भी पता नहीं है कि कौन सी जमीन का उपयोग मास्टर प्लान में क्या रहेगा। वर्तमान में सभी व्यापारियों ने अपना कारोबार समेट लिया है।

### एक साल पहले भोपाल भेजा था प्रस्ताव

वहीं टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के संयुक्त संचालक शुभाशी बेनर्जी ने बताया कि एक साल पहले इंदौर के मास्टर प्लान का प्रस्ताव भोपाल भेजा जा चुका है। इस संबंध में फिलहाल कोई निर्णय नहीं हुआ है। संशोधन या समीक्षा संबंधी कोई बैठक भी नहीं की गई है। नई कॉलोनियों के लेआउट के आवेदन आ रहे हैं, लेकिन जब तक मास्टर प्लान नहीं आता, तब तक इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती।

### जल्द खत्म हो सकता है इंतजार - विजयवर्गीय

मास्टर प्लान को लेकर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि इंदौर और भोपाल के मास्टर प्लान का मसौदा तैयार हो चुका है। अंतिम प्रेजेंटेशन मुख्यमंत्री के समक्ष होना है, इसके बाद संशोधन और प्रकाशन होगा। उम्मीद की जा रही है कि आगामी दो से तीन माह में मास्टर प्लान का इंतजार खत्म हो जाएगा।

*भोपाल स्तर पर इंदौर के मास्टर प्लान का प्रस्ताव लम्बित है, कब तक प्रकाशन होगा इसको लेकर हमारे पास कोई अपडेट नहीं है।*

**- शुभाशीष बेनर्जी, संयुक्त संचालक**

*इंदौर के मास्टर प्लान के प्रकाशन को लेकर अंतिम बार समय सीमा 2024 की दी गई, इसके बाद से लगातार सरकार की ओर से आश्वासन मिल रहे हैं।*

**- विजय गांधी, अध्यक्ष क्रेडाई**

# पुलिस की निर्माणाधीन बिल्डिंग में हादसा 8वीं मंजिल से गिरे मजदूर की मौत

## सदर बाजार फर्स्ट बटालियन की घटना

**इन्दौर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र स्थित फर्स्ट बटालियन में पुलिस विभाग की एक नई इमारत का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के दौरान एक युवा मजदूर की जान चली गई। मृतक की पहचान पंकज पिता मुकेश (22) के रूप में हुई है जो मूलतः देवरिया, उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। पंकज लंबे समय से इंदौर में रहकर मजदूरी का काम कर रहा था। जब वह फर्स्ट बटालियन परिसर में बन रही पुलिस की निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत की 8वीं मंजिल पर काम कर रहा था, तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे नीचे आ गिरा। ऊंचाई अधिक होने के कारण नीचे गिरते ही पंकज को गंभीर चोटें आईं। घटनास्थल पर मौजूद अन्य मजदूरों और सुरक्षा कर्मियों ने उसे आनन-फानन में अस्पताल पहुँचाने की कोशिश की लेकिन गिरने के बाद गंभीर आंतरिक चोटों के कारण उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने अब शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा एवं मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

# 15 हजार का चालान काटकर खोला ताला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



झोन 2 के वार्ड 69 के अन्तर्गत इंडियन ट्रांसपोर्ट राजमोहल्ला रहवासी क्षेत्र में कमर्शियल ट्रांसपोर्ट संचालित किया जा रहा है। बाहर की बसें आने से परेशानी भी होती है। इसकी शिकायतें भी पूर्व में की गई थी। विगत दिनों इस इंडियन ट्रांसपोर्ट पर हंस चाल की यात्री बस जमकर लगेज भरकर लाई थी, जो रोजाना की तरह यहां खाली हो रहा था उस दौरान महिला सफाईकर्मी अपनी ड्यूटी दे रही थी इसी दौरान बस की छत पर रखे कई लगेज में से एक लगेज सफाईकर्मी पर गिर गया था। मामला नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान के साथ पुलिस में भी आया था। सफाई महिलाकर्मी को वर्मा यूनियन हास्पिटल धार रोड पर भर्ती भी कराया गया था, जहां उन्हें चिकित्सकों ने 6 माह के आराम की सलाह दी है। निगम ने इस ट्रांसपोर्ट को सील कर दिया था उसके बाद निगम ने 15 हजार रु. का जुर्माना चालान बनाकर सील खोली और अब फिर से कमर्शियल कार्य शुरू हो गया। सीएसआई हिमांशु गुप्ता, सहायक अक्षय गौतम और झोन 1 के भारत करोसिया व उनकी टीम मौजूद रही, यह चालानी कार्रवाई ट्रांसपोर्ट मालिक उस्मान पर की गई।

# जेईई एडवांस परीक्षा का पहले सत्र, दोपहर में दूसरी शिफ्ट

## आईआईटी प्रवेश के लिए कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा तीन सेंटर पर शुरू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आईआईटी रुड़की द्वारा आज जेईई एडवांस की परीक्षा देशभर में आयोजित की जा रही है। इंदौर में भी कई सेंटरों में यह परीक्षा शुरू हुई। पहले पेपर का समय सुबह 9 बजे शुरू हुआ। वहीं दूसरा पेपर दोपहर 2.30 बजे से शाम 5:30 बजे तक है। आज परीक्षार्थी अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र पर करीब 1 घंटे पहले पहुंच गए। सुबह 8.30 बजे तक सभी परीक्षार्थी सेंटरों में अंदर पहुंच चुके थे। केंद्रो पर पहले कड़ी चैकिंग की गई जिसके बाद प्रवेश दिया गया। देशभर के आईआईटी संस्थान में प्रवेश के लिए यह परीक्षा जेईई एडवांस हो रही है, देशभर में जहां ढाई लाख परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं, वहीं तीन सेंटर पर इंदौर में डेढ़ हजार छात्र इस परीक्षा में अपना आगे का भविष्य तय कर रहे हैं। यह परीक्षा पूरी तरह कम्प्यूटर बेस्ड ऑनलाइन मोड पर हो रही है। इसके लिए नकल रोकने के लिए विशेष टीम भी दिल्ली से आई हुई है।



# एमपीपीएससी की परीक्षा में इन्ट्री शुरू

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** एमपीपीएससी की परीक्षा आज जीएसटीआई कॉलेज, बाल विनय मंदिर के अलावा निर्धारित सेंटर पर शुरू हुई। इस परीक्षा के दो घंटे पहले ही सुबह 10 बजे से विद्यार्थियों की इन्ट्री शुरू की गई, सख्त चैकिंग और नियम पालन कराए गए। सहायक रजिस्ट्रार परीक्षा इंदौर सहित चार प्रमुख शहरों में भी आयोजित हो रही है। आज भी विद्यार्थियों को बायमैट्रिक आई स्कैन और फिंगर प्रिंट के साथ प्रवेश दिया गया। चार शहर में 12 हजार विद्यार्थी 12 पदों के लिए परीक्षा दे रहे हैं, हर पदों के लिए 1 हजार दावेदार है। इन 12 पदों के लए अलग-अलग विश्वविद्यालय में नियुक्ति होगी खासतौर से खरगोन जहां नया विश्वविद्यालय खोला गया है वहां भी नियुक्ति होगी।

# सड़क हादसों में दो की मौत

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** खुड़ैल थाना इलाके में सड़क हादसे में घायल दो युवकों ने इलाज के दौरान इंडेक्स अस्पताल में दम तोड़ दिया। दोनों युवकों का इलाज चल रहा था।अब खुड़ैल पुलिस दोनो मामलों में मर्ग कायम कर जांच कर रही है। हादसे में मारे गए युवकों के नाम गोविंद पिता कमल रावत (32) निवासी मोरोद हाट खुडैल और अभिजीत पिता भरत (25)निवासी अकबरपूरा देवास बताये जा रहे है।

# ब्राउन शुगर तस्करी में फरार आरोपी गिरफ्तार,कब्जे से 2 अवैध पिस्टल जब्त

**इन्दौर।** शहर में अवैध मादक पदार्थों और हथियारों की खरीद-फरोख्त करने वाले नेटवर्क को ध्वस्त करने में जुटी क्राइम ब्रांच ने एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने पूर्व में पकड़े गए ड्रग तस्करों की कॉल डिटेल और पूछताछ के आधार पर फरार सप्लायर को दबोच लिया है। पकड़ा गया आरोपी दूसरे राज्यों से अवैध हथियार लाकर इंदौर में खपाने का काम करता था। डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस ने कुछ समय पहले सौरभ, गौरव और साहिल नामक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इन आरोपियों के कब्जे से लगभग 15 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद की गई थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब डेढ़ लाख आंकी गई थी। इस मामले में पुलिस कड़ियां जोड़ते हुए मुख्य सप्लायरों की तलाश कर रही थी।गिरफ्तार आरोपी साहिल के मोबाइल फोन की जांच, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस को इस पूरे नेटवर्क के एक और अहम किरदार की जानकारी मिली। पूछताछ में पता चला कि विमल श्रीवास पिता निवासी परदेशीपुरा घटना के दिन से ही फरार चल रहा था और पुलिस की आंख में धूल झोंक रहा था। क्राइम ब्रांच ने घेराबंदी कर फरार विमल को धरदबोचा।जब क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी विमल श्रीवास की तलाशी ली तो उसके पास से दो अवैध पिस्टल बरामद हुईं। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह अन्य राज्यों से अवैध हथियार खरीदकर इंदौर शहर के स्थानीय अपराधियों और सप्लायरों को उपलब्ध करवाता था। पुलिस के मुताबिक, विमल पर पहले भी शहर के विभिन्न थानों में आर्म्स एक्ट के तहत कई प्रकरण दर्ज हैं। पकड़े गए आरोपी विमल श्रीवास ने केवल 10वीं कक्षा तक ही पढ़ाई की है। समाज और पुलिस की नजरों से बचने के लिए वह एक प्राइवेट जॉब करता था, जिसकी आड़ में वह हथियार और नशा तस्करी के इस काले कारोबार को अंजाम दे रहा था।





# मूसाखेड़ी क्षेत्र के एसबीआई ग्राहकों का नए एटीएम आउटलेट का इंतजार कब होगा पूरा

## 6 महीने से बंद पड़े है आधा दर्जन आउटलेट,लोगों को हो रही परेशानी

### लोगों को पैसे निकालने जाना पड़ रहा 2 से 3 किमी दूर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**मूसाखेड़ी क्षेत्र में इन दिनों एसबीआई ग्राहकों को नए एटीएम आउटलेट का इंतजार करना भारी पड़ रहा है। हालत यह है कि पिछले साल दिवाली के पहले से क्षेत्र के आधा दर्जन सालों पुराने एटीएम आउटलेट लंबे समय से बंद पड़े हैं। जिसके चलते इस क्षेत्र के हजारों एसबीआई ग्राहकों को पैसे निकालने में इन दिनों भारी परेशानी हो रही है। हालत यह है कि लोगों को अपने पैसे निकालने के लिए दो से तीन किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है।**

जबकि पहले पुलिस पेट्रोल पंप के पास एसबीआई के दो बड़े एटीएम आउटलेट थे। जहां से लोग दिन-रात 24 घंटे आसानी से पैसे निकालते थे। इसके अलावा डेली कॉलेज गेट के



सामने अजय बाग आजाद नगर रोड़ पर भी एक एटीएम था, जहां से लोग पैसे निकालते थे। इसके अलावा नेमावर रोड पर पालदा औद्योगिक क्षेत्र में मामाजी तोल कांटे के सामने एसबीआई का एटीएम था ,जहां से लोग आराम से पैसा निकालते थे। लेकिन अब हालात यह है कि पिछले छह महीने से भी ज्यादा समय से मूसाखेड़ी क्षेत्र के करीब आधा दर्जन एटीएम आउटलेट लंबे समय से बंद पड़े है। जिसके कारण क्षेत्र के एसबीआई ग्राहकों को भारी परेशानी हो रही है।

### एक एटीएम मशीन के भरोसे हजारों लोग, अक्सर जल्दी खाली हो जाती है मशीन

लोगों का कहना है कि घर के नजदीक एटीएम बने हुए थे, लेकिन दीपावली से पहले अचानक एसबीआई ने इन एटीएम आउटलेट को बंद कर के बाहर महत्वपूर्ण सूचना का बैनर लगा दिया, और लिखा गया कि इस स्थान पर लगी हुई पुरानी मशीनों को हटाया जा रहा है और यहां शीघ्र ही नई एटीएम मशीनें लगाई जा रही है। लेकिन अब हालत यह है कि तीन माह से भी ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद एसबीआई ने अभी तक इन स्थानों पर नई एटीएम मशीनें नहीं लगाई है। जिसके चलते क्षेत्र के हजारों एसबीआई ग्राहकों को परेशानी हो रही है। क्षेत्र के रहवासी बब्बू जोशी, जगमोहन चौधरी, चमन चौहान, खेमराज जोशी ने बताया लंबे समय से घर के नजदीक सालों पुराने एसबीआई एटीएम आउटलेट से पैसा निकाल रहे थे। लेकिन दीपावली के समय अचानक एसबीआई ने क्षेत्र के तीन से चार एटीएम बंद कर दिए, यही नहीं पालदा औद्योगिक क्षेत्र के भी दो एटीएम सहित दर्जनों अलग-अलग स्थानों पर 40 से ज्यादा एटीएम मशीनों को अपग्रेशन कर नई मशीनें लगाने के चक्कर में बंद किया था। मूसाखेडी क्षेत्र में अब एसबीआई महज एक एटीएम आउटलेट ही बचा है जो चालू है जिस पर हमेशा भीड़ लगी रहती है जिसके कारण अक्सर यह एटीएम जल्दी खाली हो जाता है। खासकर त्यौहारों और छुट्टी के समय ज्यादा परेशानी हो रही है।

### अन्य बैंक के एटीएम से पैसा निकालने पर लग रहा चार्ज

इधर, एसबीआई प्रबंधन के जिम्मेदार अफसरों की अनदेखी और नई एटीएम मशीनें लगाने में हो रही देरी के चलते एसबीआई ग्राहकों इन दिनों भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को दो से तीन किमी दूर पैसे निकालने जाना पड़ रहा है। यही नहीं अन्य बैंकों की एटीएम मशीनों से मजबूरी में पैसा निकालने पर बैंकों के नियम अनुसार एक्स्ट्रा चार्ज भी देना पड़ रहा है। सवाल उठ रहें है कि जल्द नई एटीएम मशीनें लगाने के दावे के बाद भी इतने समय बाद भी नई मशीनें क्यों नहीं लग रही है। जिसके कारण ग्राहकों को परेशानी हो रही है। वहीं एसबीआई बैंक से जुड़े जिम्मेदार अधिकारी ध्यान क्यों नहीं दे रहें।

# सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओं को नए सत्र में मिलेंगी कंप्यूटर के साथ फर्नीचर की सौगात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विधानसभा एक के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में स्थित सरकारी स्कूलों में शुरू होने वाले नवीन शिक्षा सत्र में छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा के लिए कंप्यूटर के साथ नए फर्नीचर की सौगात मिलने वाली है। जिसमें स्कूलों की मांग के अनुसार ट्विटर कंप्यूटर टेबल , बैठक व्यवस्था के लिए कुर्सियों के साथ नई बैंचों की भी सुविधा मिलने वाली है। जिसके लिए पिछले दिनों विधानसभा एक के विधायक एवं प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा की गई घोषणा के अंतर्गत क्षेत्र के रहवासियों के लिए यहां विभिन्न वार्डों में स्थित तमाम सरकारी स्कूल में छात्र एवं छात्राओं के लिए नए सत्र में नवीन फर्नीचर टेबल - कुर्सियों से लेकर नई कंप्यूटर टेबल और अन्य फर्नीचर की सौगात दी जा रही है। जिसके लिए बकायदा



निगम द्वारा टेंडर प्रक्रिया भी शुरू की गई है। साथ ही निविदा भी जारी की गई है।

### लगातार क्षेत्र के शासकीय स्कूलों को मिल रही कई सुविधाएं

यही नहीं इसके अलावा पिछले दिनों पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने भी क्षेत्र में भूमि पूजन और लोकार्पण के दौरान कई स्कूलों में नए फर्नीचर और नए कम्प्यूटर की सौगात भी दी थी। गौरतलब है कि मंत्री विजयवर्गीय और पूर्व विधायक आकाश द्वारा लगातार विधानसभा एक में शिक्षा में सुधार और क्षेत्र के बच्चों को सरकारी स्कूलों में कम खर्च में बड़े प्राइवेट निजी स्कूलों की तर्ज पर स्मार्ट क्लास रूम में स्मार्ट प्रोजेक्टर पर उच्च तकनीक से पढ़ाई करवाई जाएगी। साथ ही निजी स्कूलों की तर्ज पर सभी संसाधन की व्यवस्था स्कूलों में की जा रही है। इसमें फर्नीचर से लेकर कंप्यूटर और स्मार्ट प्रोजेक्टर और एलईडी टीवी जैसे आधुनिक शिक्षा के संसाधन उपलब्ध करवाए जा रहें है। जिसके तहत विधानसभा एक के सरकारी स्कूलों में लगातार शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और सुधार देखने को मिल रहा है।




# थाना आजाद नगर क्षेत्र में व्यापारियों के सहयोग से पुलिस शुरू करेंगी तीसरी आंख लगाने का अभियान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

थाना आजाद नगर क्षेत्र में आने वाले दिनों में व्यापारियों के सहयोग से पुलिस प्रशासन अब तीसरी आंख लगाने का बड़ा अभियान शुरू करेगी। जिसके तहत थाना आजाद नगर पुलिस की प्लानिंग है कि मूसाखेड़ी और आजादनगर क्षेत्र के सभी प्रमुख बाजारों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर बेहद जल्द व्यापारियों एवं जन सहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए ताकि त्यौहारों के दौरान क्षेत्र के सभी प्रमुख बाजार और धार्मिक स्थल की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रहे। पुलिस प्रशासन इन प्रमुख स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे से क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर पूरी तरह से नजर रख सकेगी। व्यापारियों के साथ बैठक कर पुलिस प्रशासन आने वाले दिनों में क्षेत्र के सभी प्रमुख बाजारों और व्यापारी प्रतिष्ठानों के साथ धार्मिक स्थलों पर भी तीसरी आंख लगाने का अभियान शुरू करने जा रहा है।

**मूसाखेड़ी क्षेत्र के प्रमुख बाजारों से लेकर धार्मिक स्थलों की सीसीटीवी से पुलिस रखेंगी नजर**

### पहले चरण में उन प्रमुख स्थानों से होगी शुरुआत जहां अब तक नहीं लगे सीसीटीवी

जिसके तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि की थाना आजाद नगर क्षेत्र से जुड़े किन स्थानों पर वर्तमान में सीसीटीवी कैमरे नहीं है वहां पहली प्राथमिकता के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। वहीं क्षेत्र के व्यापारियों से जाकर जहां ज्यादा जरूरी वहां सभी प्रमुख स्थलों पर व्यापारियों और जन सहयोग से जल्द तीसरी आंख लगाकर पुलिस प्रशासन द्वारा संपूर्ण क्षेत्र में त्योहारों के समय नजर रखी जाएगी।



### 4 महीने पहले हो गई सड़क तैयार न डिवाइडर न लाइटिंग, दुर्घटना का रहता है अंदेशा

### वाटर पार्क से लेकर पिपलियाहाना बायपास तक

# नई सड़क पर डिवाइडर की बजाय कोठी और ड्रम रखकर चला रहें ज़िम्मेदार काम

**इंदौर।** पिपलियांहाना बायपास से लेकर मयंक ब्ल्यू वॉटर पार्क रोड तक नई सड़क तैयार हुए 4 महीने से ज्यादा हो गए। हालत यह है कि इसके बावजूद तैयार नई सड़क पर पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार अफसरो ने यहां डीवाइडर बनाए और ना एक भी लाइटिंग लगवाई है। जिसके कारण इस नई नवेली सड़क पर आए दिन हादसे का खतरा बना रहता है। गौरतलब है कि कनाडिया रोड और पिपलियाहाना बायपास को जोड़ने वाली लिंक रोड का निर्माण पीडब्ल्यूडी ने करीब तीन से चार माह पहले पूरा कर लिया है लेकिन इतने समय बाद भी अभी तक ना डिवाइडर बनाएं और ना एक भी लाइटिंग लगाई। यही नहीं सड़क के बीच जहां डिवाइडर बनाने थे वहां ड्रम रखकर काम चलाया जा रहा है। जिसके कारण ना यहां हरियाली के लिए पेड़ पौधे लगाए जा रहे है और ना रोशनी के लिए लाइटिंग लग पा रही। वहीं डिवाइडर नहीं होने से तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम भी नहीं लग पा रही है। जिसके कारण गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी हो रही है।



## सरस्वती धाम में यज्ञ एवं हवन का कार्यक्रम

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। तुलसी नगर स्थित सरस्वती धाम शनि मंदिर में शनि जयंती मनाई गई। भगवान शनि देव की शास्त्रोक्त विधि से पूजा-अर्चना की गई। यज्ञ और हवन का आयोजन श्रद्धालुओं की मौजूदगी में किया गया। शनिदेव की पूजा के अलावा पीपल के वृक्ष पर जल अर्पण किया।



## पुराने छात्र 52 साल बाद मिले

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शहर से उज्जैन पहुंचे तिलक नगर माध्यमिक स्कूल में आठवीं कक्षा तक साथ पढ़े मित्र 52 साल बाद मिले। इस अवसर पर जगदीश पलसानिया, राजेंद्र सिसोदिया, शरद यागनिक, राजीव गंगराड़े, अतुल नामजोशी एवं अनिल भूषणवार उपस्थित रहे। आज सभी मित्र 65 वर्ष की आयु पार कर चुके हैं। वर्षों बाद मिलकर सभी ने स्कूल के दिनों की पुरानी यादें ताजा कीं और खुशी व्यक्त की।

## हालात-ए-गणतंत्र

पिता अक्सर डाँट लगाते थे
ग़ज़ब निसरगण्ड हो यार
एक काम को कितनी बार याद दिलाएँ,
जब यह आज याद आता है तो लगता है
पूरा देश निसरगण्ड हो गया है
लोकतंत्र के चारों खम्बे
ग़ज़ब निसरगण्ड हो चुके है
जनता की कहीं सुनवाई नहीं
पाँच करोड़ केस न्यायालय में पेन्डिग
याने दोनों तरफ से एक केस में दस लोग
पचास करोड़ लोग उलझे
नीट का पेपर नियमित आउट हो रहे है
बेचे जा रहे हैं , 20 लाख विद्यार्थियों
का केरियर डूबा
लाखों करोड़ों भ्रष्टाचार हो रहा हैं
बच्चे बच्चे ये मान चुके बिना पैसे दिए
कोई काम नहीं होता
गोदी मीडिया तो सुभानअल्ला
खैर
हम निसरगण्ड है
ना सुधरेंगे ना सुधारेंगे
क्योंकि हम ए टू झेड
महाभ्रष्ट है
इसलिए निसरगण्ड है
निसरगण्ड याने
काम ना करना, लेतलाली करना,
काम को टालना, काम को लटकाना
काम चोरी, काम को उलझाना,
समझाने के बाद ना समझना

-नकुल रतन पाटोदी




## सिंधीयत पाठशाला में जानकारी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। किंडर बड्स स्कूल क्रांति कृपलानी नगर में 12 दिवसीय सिंधीयत पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों और युवाओं को सिंधी साहित्य, संस्कृति, महापुरुष और संत के बारे में जानकारी दी जा रही है। धीरज हासीजा, डॉ. दीपिका हासीजा, नमोस तलरेजा इन बच्चों को सहयोग कर रहे हैं। पंकज फतेहचंदानी, कंचन गिदवानी, राजेन्द्र सचदेव, नन्दलाल खतुरिया, अजय शिवानी मौजूद थे।

## जानकीनाथ मंदिर में आज से अधिकमास में भक्ति

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। शहर के मध्य गोराकुण्ड स्थित जानकीनाथ मंदिर में आज से 15 जून तक पुरुषोत्तम मास-अधिक मास के आयोजन पर भक्ति का माहौल दिखेगा। मंदिर द्वारा रोजाना सुबह, दोपहर, शाम तक आयोजन किए जाएंगे। महेश नगर मांगलिक धर्मशाला में सुबह अभिषेक, पूजन, आरती, ब्राह्मण दूध सेवा, भागवत पारायण, ब्राह्मण फलाहार और भोजन सेवा, दोपहर में भागवत पारायण, शाम रामायण मास पारायण, आरती, गोष्ठी, ब्राह्मण भोजन सेवा का आयोजन श्री माहेश्वरी साढ़े सात सौ पंचायती ट्रस्ट के बैनर तले की जा रही है। आज से हुआ यह धार्मिक आयोजन 15 जून तक चलेगा। लक्ष्मण पटवा, मुरलीधर नवाल, अमरीश दम्माणी, सत्यनारायण बाहेती सहित अन्य आयोजन से जुड़े हैं।



## किड्स समर कैम्प का आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सपना संगीता स्थित ग्रेसियस किड्स बाय बलवाटिका प्रीस्कूल में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। 3 से 12 साल के बच्चों को अलग-अलग विधाएं सिखाई जा रही है। वर्षा सेन, रश्मि जिंदल, सिमरन कौर, प्राची पटेल अपनी भूमिका निभा रहे हैं।



## सदाबहार गीतों की प्रस्तुति

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। म्यूज़िक मिरेकल एकेडमी और स्टार फेन क्लब द्वारा संगीत संध्या का आयोजन प्रीतमलाल दुआ सभागृह में किया गया। गायक यवर्धन दुबे, माधुरी रेकवार, दिनेश परियानी, अद्वैत चौहान ने 30 गीतों की प्रस्तुति दी गई। आयोजक हेमंत अग्रवाल ने बताया कि अतिथि कांग्रेस नेता शैलेष गर्ग, दीपक खण्डेलवाल, रानू अग्रवाल, रामदास गोयल, संजय अग्रवाल, चंदू यादव, राजेश कुंजीलाल गोयल, ओमप्रकाश गर्ग, रेखा सोनी, अभिषेक गावड़े, गौरव अग्रवाल आदि थे।



## जैन समाजजनों ने बच्चों को सामग्री वितरण की

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। नोबल ग्रुप टीम ने इस वर्ष भी सेवाकार्य के अन्तर्गत नमो नवकार सेवा आश्रम कालानी नगर पहुंचकर वहां मौजूद सभी बच्चों को कपड़े, खाद्य सामग्री का वितरण किया। नरेन्द्र जैन भटेवरा, वीरेन्द्र बोडाना, प्रदीप छाजेड़, शिखरचंद बाफना, विजय मेहता, राकेश भंडारी, अशोक कांकरिया, अजय बम, योगेश कोठारी, योगेश-रानी, विकास अमिता कोठारी सहित अन्य सेवाकार्य में मौजूद थे।

## न्यायालय के निर्णय का स्वागत

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। धार भोजशाला मामले में न्यायालय के निर्णय का स्वागत म.प्र. अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन ने किया है। पवन हिंदू, रामस्वरूप गहलोत, सुरेंद्र सोलंकी, राकेश परमार, योगेश पांचाल, रामसिंह मकवाना, जगदीश चौकसे, गगन यादव, अंकित यादव, शीला गुप्ता, सुरेश जयसवाल, नीलू अहिरवार, शैलेश बाजपेई, अमित तिवारी, बाबूसिंह शेखावत, छगन प्रजापत, योगेश बाजपेई, अमन पुरोहित ने हर्ष जताया।

## इमरती और झोलिये का प्रसाद वितरण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री सालासर प्रसाद वितरण समिति द्वारा मालवा मिल चौराहा पर अमावस्या अवसर पर इमरती प्रसाद एवं केरी के झोलिये का वितरण किया। संजय चौधरी, गोविंद गर्ग, महेश अग्रवाल ने बताया कि 25 सदस्यों की समिति हर माह अमावस्या पर प्रसाद वितरण का आयोजन करती है। सुबह से शाम तक यह प्रसाद सेवा चलती रही।



## देर रात तक चलता रहा शनिदेव के जयकारों के साथ भंडारा

देपालपुर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। देपालपुर के शिवाजी मार्ग, धारनाका स्थित प्रसिद्ध नवग्रह शनि मंदिर में कल सुबह से शनैश्चरी अमावस्या पर प्रभु की जयंती का आयोजन चलता रहा। अभिषेक, पूजन, तेल और काली तिल अर्पण का आयोजन जारी रहा। शाम को छप्पन भोग के साथ शनिदेव का श्रृंगार दर्शन और महाआरती में श्रद्धालुओं ने शिरकत की, विद्युत रोशनी भी की गई थी, शनिदेव के जयकारों के साथ भंडारा शुरू हुआ, जो देर रात तक चलता रहा। सतीश जोशी, विजय जोशी ने बताया कि 14 वर्षों से यह भंडारा प्रसादी लगातार जारी है।

## हलवा प्रसाद का सेवा कार्य

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में श्री शनिदेव जन्मोत्सव पर कल महाआरती के बाद हलवा प्रसाद का वितरण किया गया। महंत मंगलदास महाराज खाकी, राधा सुशील उपाध्याय, सूर्य कांत गुप्ता, कार्तिक शास्त्री, बब्बू वर्मा, विनोद गुप्ता, मीना राणा शाह, विजयसिँह बिसेन सहित अन्य मौजूद थे। श्री वैष्णवी ग्रुप महिला मंडल भक्ति सेवाकार्य में मौजूद रहा।

## कृषि रथ का वर्चुवली शुभारंभ किया

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर जिले के विकासखण्ड सांवेर में कृषि रथ का वर्चुवली शुभारंभ किया। इस कृषि रथ का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकी एवं वैज्ञानिक सलाह देना है। इसका शुभारंभ मंत्री तुलसीराम सिलावट ने किया। केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में लिये गये निर्णयों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम की शुरूआत में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक श्री सी.एल. केवडा ने बताया कि राज्य शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास के निर्देश पर आगामी 10 दिनों के लिये कृषि रथ जिले की सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित किया जायेगा। अभियान के तहत किसानों को खरीफ मौसम की क्षेत्रीय फसलों के लिये उन्नत कृषि तकनीक, उर्वरक वितरण की ई-विकास प्रणाली, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के प्रभावी उपयोग, एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि योजनाओं का प्रचार-प्रसार, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, पराली प्रबंधन, कृषि नवाचारों आदि की जानकारी कृषकों को दी जायेगी। कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, एवं कृषि अभियांत्रीकी के मैदानी अधिकारी भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इस दौरान संदीप चंगेड़िया, तूफान सिंह, सतीश मालवीय, विनोद दयाल, पप्पू पटेल, सुरेशसिंह धनखेड़ी, दयाराम चौधरी, नेमीचंद कारवाल, इन्द्रेश चावड़ा, कमल परमार, नितिन पटेल, सुभाष चौहान, राहुल सोलंकी, राजेश चौधरी, मुन्ना चाचू मौजूद थे।

# नाथ मंदिर में कल से मराठी में भागवत कथा होगी

## नवचंडी स्वाहाकार यज्ञ एवं कुमकुमार्चन विधि भी होगी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। साउथ तुकोगंज स्थित श्रीनाथ मंदिर संस्थान पर पुरुषोत्तम मास के अन्तर्गत कल 18 से 24 मई तक श्रीमद देवी भागवत कथा का आयोजन मराठी में गुरुमाता स्थितप्रज्ञानंद सरस्वती के श्रीमुख से किया जाएगा। साथ ही 22 और 23 मई को लोककल्याण की भावना से नवचंडी स्वाहाकार यज्ञ, शनिवार 23 मई को सुबह 9 बजे से कुमकुमार्चन विधि का अनुष्ठान भी होगा जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं शामिल होंगी। रविवार 24 मई को दोपहर में कन्या पूजन के साथ इस सात दिवसीय महोत्सव का विधि-विधान के साथ समापन होगा।

# नई सोच का नया भारत हमारी संस्कृति के साथ बने

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. राकेश सिंघई ने कहा है कि नई सोच का नया भारत बनाना जरूरी है लेकिन उसमें सबसे ज्यादा जरूरी है कि हमारी संस्कृति का समावेश होना चाहिए। आज विश्व का सबसे युवा देश भारत है और इस देश के युवा नवाचार करने और देश को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए कृत संकल्पित हैं। वे आज शाम यहां जाल सभागृह में अभ्यास मंडल की 66वीं ग्रीष्मकालीन व्याख्यान माला का शुभारंभ कर रहे थे। नया भारत नई सोच विषय पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस विषय पर चिंतन करने से पहले हमें बीते एक दशक में देश को




प्राप्त हुए गौरव पर ध्यान देना होगा। वर्ष 2047 के जिस विकसित भारत की हम कल्पना कर रहे हैं उसका आधार तैयार होना शुरू हो गया है। इस अवसर पर रामेश्वर गुप्ता, मालासिंह ठाकुर, वैशाली खरे, अशोक कोठारी, सुमन ज्ञानी, मनीषा गौर,फादर पायस लकडा, सौरभ घोषाल, आदित्य सेंगर, प्रणीता दीक्षित, शिवाजी मोहिते सहित अन्य मौजूद थे।आज शाम जाल सभागृह में अभ्यास मंडल की व्याख्यानमाला में सांसद, मनोज कुमार झा का व्याख्यान होगा। उनके व्याख्यान का विषय है राजनीति की भाषा और भाषा की राजनीति।

# वैश्य महासम्मेलन में 68 वृद्धजनों ने कराया घुटना परीक्षण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अहमदाबाद के प्रसिद्ध घुटना प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. धीरज मारोठी जैन की टीम द्वारा मप्र वैश्य महासम्मेलन की मेजबानी में कल शहर के सभी वैश्य घटकों के लिए स्वस्थ समाज अभियान के तहत पलासिया स्थित आचार्य तुलसी फिजियोथैरेपी सेंटर तेरा पंथ भवन



पर ओपीडी शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 68 पीड़ित लोगों ने लाभ उठाया। अरविन्द बागडी ने बताया कि डॉ. धीरज जैन की टीम ने इस सेवा कार्य में सहयोग किया। अरविन्द बागडी, फतेहचंद सिंगी, प्रेम वैद्य एवं सुरेन्द्र डाकलिया, राजेश इंजीनियर मौजूद थे।

# हंसदास मठ में आज से भागवत एवं रामायण पारायण

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। हंसदास मठ मंदिर बिजासन रोड पर आज से एक माह तक पुरुषोत्तम मास में श्रद्धालुओं को धार्मिक लाभ मिले इसके लिए पूरे माह प्रतिदिन सुबह 9 से 12 एवं शाम 4 से 7 बजे तक 108 विद्वानों द्वारा भगवान रणछोड़जी के साक्षी में श्रीमद भागवत पारायण (मूलपाठ) एवं रामायण पारायण तथा जाप का दिव्य अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। यह आयोजन 15 जून तक चलेगा। पवनदास महाराज ने उक्त जानकारी दी।

# शनैश्चरी अमावस्या पर हुआ भंडारा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शनैश्चरी अमावस्या पर




श्री राधाकृष्ण सेवा समिति ने छावनी में भंडारा आयोजित किया। समिति अध्यक्ष गोपालदास मंगल मंगल स्वीट्स एवं गोयल पारमार्थिक ट्रस्ट के विजय गोयल ने बताया कि शुद्ध घी से निर्मित भंडारे में लगभग पंद्रह सौ भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। गगन मंगल व सुनील गोयल ने बताया कि रसभरी नुक्ती, सेंव पपड़ी, पूरी, कद्दू, चवला सब्जी का वितरण किया गया। इस अवसर पर विनोद ओमप्रकाश, कैलाश गोयल, बुरहानुद्दीन शकरुवाला उपस्थित थे।



# गो सेवा समिति ने किया गौग्रास सेवा कार्य

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

गोसेवा समिति के सदस्यों का हर अमावस्या और पूर्णिमा पर अलग-अलग गौशाला पहुंचकर गौसेवा कार्य जारी है। सभी बुजुर्ग, युवा और महिला सदस्यों ने श्रीराम मंदिर गौशाला पहुंचकर गोपूजन,आरती और गोग्रास सेवा का आयोजन किया। गाय को हरी मक्का की घास पौष्टिक लड्डू गुड़ के लड्डू चापड, गेहूं का भूसा, सेंधा नमक इत्यादि से पेट पूजा कराई। अन्य गौशाला में पहुंचकर भी सेवा कार्य किया गया। विजय कुमार, शारदा श्याम, चंद्रशेखर नीमा, विष्णु गुप्ता, अनुराग नीमा, राजेंद्र नीमा, पुष्पादेवी नीमा, राजेश जोशी सहित अन्य मौजूद थे।

# लक्ष्मी-नारायण महायज्ञ शुरू

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में आज से श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ का शुभारंभ होते ही यज्ञशाला भगवान लक्ष्मीनारायण एवं यज्ञ देवता के जयघोष से गूंज उठी। यह आयोजन 15 जून तक चलेगा। इसके साथ ही 26 मई से 11 जून तक भागवत महापुराण के मूलपारायण का आयोजन भी होगा। इस दौरान 17 मई से 25 मई तक 9 दिवसीय गंगा दशहरा महोत्सव भी मनाया जाएगा।



# प्राचीन भैरव बाबा मंदिर में छप्पन भोग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एयरपोर्ट रोड ग्रेटर बाबा गार्डन के पास स्थित नवकार होम्स कॉलोनी मोहनलाल खटोड जी के परिवार द्वारा स्थापित 100 वर्ष से भी अधिक प्राचीन भगवती भैरव मंदिर है यहाँ पर गत 11 वर्षो से प्रति अमावस्या को अनेक प्रकार के व्यंजनो द्वारा श्री नर्मदेश्वर महादेव एवं सिद्धेश्वर हनुमानजी को भोग लगाकर 500 से 700लोंगो का भंडारा किया गया। खटोड परिवार ने आयोजन में सान्निध्य दिया।



# मलयगिरि धाम पर मौजूद है जैन संत

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मलयगिरि-बड़जात्या धाम फार्म हाऊस पर जैन संत आचार्य विप्रणतसागर, कुमुदनन्द म.सा. विराजमान है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु जैन समाजजन पहुंच रहे है। गुरु भक्ति का आयोजन भी हो रहा है। आहारचर्या एवं वैयावृत्ति में भी समाजजन शिरकत कर रहे है।



# हजयात्री के सम्मान का कार्यक्रम

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। नायता मुंडला से हज की मुकद्दस यात्रा पर रवाना हो रहे शफी पटेल गुड्डा के सम्मान में महफिल कार्यक्रम आयोजित किया। इस्तकबाल कार्यक्रम में रईस पटेल, दिलावर पटेल, युसुफ, यासीन पटेल, प्रिंस पटेल, मंसूर पटेल, अजमल पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

# अन्नपूर्णा मंदिर पर आज से धार्मिक आयोजन शुरू

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में अन्नपूर्णा आश्रम मंदिर में आज से 108 भागवत का मूल पारायण शुरू हो गया। आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि महाराज की प्रेरणा से उनके सानिध्य में आचार्य पं. कल्याणदत्त शास्त्री के निर्देशन में यहाँ प्रतिदिन सुबह 9 से 12 बजे एवं दोपहर 3 से 6 बजे तक 108 विद्वानों द्वारा श्रीमद भागवत का मूल पारायण 15 जून तक किया जाएगा।

# सोने-चांदी के बर्तनों में क्यों खाते थे राजा महाराजा

**प्राचीन** राज्यों और शाही साम्राज्यों में सोने और चांदी के बर्तनों में भोजन करना सिर्फ विलासिता या फिर दिखावे का प्रदर्शन नहीं था। राजा, सम्राट और शाही परिवार इन कीमती धातुओं के बर्तनों का इस्तेमाल कई दूसरी वजहों से करते थे। जहर से बचाव से लेकर आयुर्वेद में बताए गए स्वास्थ्य सिद्धांतों तक सोने और चांदी के बर्तनों को शाही जीवन में काफी मूल्यवान माना जाता था।

## बर्तन कितने फायदेमंद?

राजाओं द्वारा सोने और चांदी के बर्तनों को प्राथमिकता देने की सबसे बड़ी वजह जहर से बचाव थी। प्राचीन शाही दरबार में महल की साजिश और जहर मिले भोजन के जरिए से हत्या के प्रयास आम बात थी। खास तौर से चांदी कुछ सल्फर आधारित कंपाउंड और टॉक्सिन पदार्थ के प्रति रासायनिक रूप से प्रतिक्रियाशील होती है। ऐतिहासिक मान्यता यह थी कि अगर चांदी के बर्तनों में जहर मिला



भोजन परोसा जाता था तो धातु का रंग बदल सकता था या फिर वह काला पड़ सकता था। इससे राजा को भोजन करने से पहले ही चेतावनी मिल जाती थी। हालांकि आधुनिक विज्ञान सभी प्रकार के जहरों के खिलाफ इस तरीके की प्रभावशीलता पर बहस करता है।

## आयुर्वेद ने स्वास्थ्य लाभों से जोड़ा

प्राचीन आयुर्वेदिक ग्रंथ जैसे भोजनकुतूहलम् अलग-अलग धातुओं के बर्तनों में भोजन करने से जुड़े खास स्वास्थ्य लाभों को बताते हैं। सोना जिसे आयुर्वेद में स्वर्ण के नाम से जाना जाता है एक गर्म और ऊर्जा देने वाली धातु मानी जाती थी। इसके बारे में माना जाता था कि यह शक्ति, रोग प्रतिरोधक क्षमता, जीवन शक्ति, याददाश्त और दिल के स्वास्थ्य को बढ़ाती है।

चांदी को एक शीतलता प्रदान करने वाली धातु के रूप में देखा जाता था। यह शरीर के तीन दोष वात, पित्त और कफ को संतुलित करने में मदद करती थी। ऐसा माना जाता था कि यह मन को शांत करती है, बुद्धि में सुधार करती है और तनाव या फिर क्रोध को कम करती है।

## सोना-चांदी ज्योतिष से जुड़े थे

इन धातुओं के शाही इस्तेमाल में ज्योतिष ने भी एक बड़ी भूमिका निभाई। पारंपरिक भारतीय ज्योतिषीय मान्यताओं के मुताबिक चांदी का संबंध चंद्रमा से है और सोने का संबंध सूर्य से। चांदी के बर्तनों के रोजाना इस्तेमाल से मानसिक स्थिरता, भावनात्मक संतुलन और फैसले लेने की क्षमता के मजबूत होने की मान्यता थी। वहीं सोना ऊर्जा, नेतृत्व, आत्मविश्वास और शाही अधिकार का प्रतीक था।

# तेंदुए ने किया हमला




**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिला मुख्यालय से करीब 25 किमी दूर ग्राम तक्षक दसनवाल में कल दोपहर उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब एक खेत में मेड़ की साफ-सफाई के दौरान झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने अचानक खेतीहर मजदूरों पर हमला कर दिया। इस हमले में दो भाईयों के साथ एक अन्य युवक घायल हो गया, जिन्हें 108 से लहूलुहान हालत में जिला अस्पताल लाया गया। तेंदुए के हमले में ग्रामीणों के घायल होने की सूचना पर विधायक बालकृष्ण पाटीदार जिला अस्पताल पहुंचे। यहां घायलों की कुशलक्षेम जानने के बाद चिकित्सकों को उनके उचित उपचार के निर्देश दिए। विधायक पाटीदार ने वन विभाग के अफसरों से भी मोबाइल पर चर्चा के बाद तेंदुए को पकड़ने के निर्देश दिए।




# गैस सिलेंडर की आग कैसे बुझाई जाए

## आत्मरक्षा शिविर में दिए गुर

**खरगोन (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** बेटियों को आत्मरक्षा के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। कल इस शिविर में यह बताया कि अगर गैस सिलेंडर में आग लग जाए तो क्या करना चाहिए, आग कैसे बुझाना चाहिए। इसके लिए गैस एजेंसी के संतोष ठाकुर ने शिविर लगाया और डेमो भी दिया और यह भी कहा कि मातृशक्तियां घबराएं नहीं कैसे आग पर नियंत्रण कर बुझाई जा सके। खासतौर से घबराने के बजाए घर में जो मोटा कपड़ा हो उसे गीला करके गैस सिलेंडर के मुंह पर रखा जा सकता है या फिर बालूरेत डालकर आग बुझाई जा सकती है। केवल धैर्य की जरूरत होती है। इस दौरान राजू शर्मा, सूरज पाल, शशि शर्मा, आशुतोष पुरोहित, अजय तिवारी, संतोष ठाकुर उपस्थित रहे।

# आप भी पीले दांतों से शर्मिंदा हैं?

## रसोई में रखी ये 5 चीजें साफ कर देंगी सालों से जमी गंदगी

**व्यक्ति** की मुस्कान उसके चेहरे का नूर होती है लेकिन कई बार पीले दांतों की वजह से वो नूर कहीं खो सा जाता है। ऐसे में न तो किसी महफिल में खुलकर हंस पाते हैं और न ही किसी से बात करते हुए कॉन्फिडेंट महसूस कर पाते हैं। दांतों पर जमा पीलापन बहुत अधिक मात्रा में चाय-कॉफी पीने से और ठीक से दांतों की सफाई न करने की वजह से होता है। बहुत से लोग सफेद दांत पाने के लिए मंहगे टूथ पेस्ट का इस्तेमाल करते हैं तो कुछ ट्रीटमेंट लेते हैं। अगर आपके भी दांत पीले पड़ गए हैं तो फिक्र मत किजिए क्योंकि हम आपके लिए लेकर आए हैं ऐसे 5 घरेलू उपाय जिन्हें फॉलो कर आप एक ही बार में मोतियों जैसे चमचमाते सफेद दांत पा सकते हैं। बात खर्च की करें तो समझ लें जीरो पैसे क्योंकि जिन चीजों के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं वो तो आपकी रसोई में ही मौजूद हैं। आइए फिर जान लें उन अचूक उपायों के बारे में और चमकाएं अपने दांत फिर दोस्तों-यारों की महफिल हो या फिर ऑफिस की पार्टी हर कहीं और हर कोई अपकी मुस्कान की तारीफ करे बिना रह नहीं पाएगा।

### 1. बेकिंग सोडा और नींबू का जादू

बेकिंग सोडा एक प्राकृतिक ब्लीचिंग एजेंट है जो दांतों की सतह से जिद्दी दागों को खुरचकर निकाल देता है। आप एक चुटकी बेकिंग सोडा में कुछ बूंदें नींबू के रस की मिलाएं। इस पेस्ट को उंगली की मदद से दांतों पर 1 मिनट तक मलें और फिर कुल्ला कर लें। इसे हफ्ते में केवल एक बार ही करें, क्योंकि इसका अधिक इस्तेमाल इनेमल को नुकसान पहुंचा सकता है।

### 2. सरसों का तेल और नमक

यह भारत का सबसे पुराना और भरोसेमंद नुस्खा है। नमक एक नेचुरल स्क्रब की तरह काम करता है और सरसों का तेल बैक्टीरिया को खत्म करता है। आप आधा चम्मच सरसों के तेल में एक चुटकी सेंधा नमक या सादा नमक मिलाएं।



इससे दांतों और मसूड़ों की हल्की मालिश करें।

### 3. केले के छिलके का कमाल

केले के छिलके में पोटेशियम, मैग्नीशियम और मैंगनीज जैसे मिनरल्स प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो दांतों की चमक लौटाने में मदद करते हैं। पहले आप केले खा लें और फिर उसके छिलके के अंदरूनी (सफेद) हिस्से को अपने दांतों पर 2-3 मिनट तक रगड़ें और फिर ब्रश कर लें।

### 4. स्ट्रॉबेरी का पेस्ट

स्ट्रॉबेरी में 'मैलिक एसिड' होता है, जो दांतों के दाग-धब्बों को हटाने में बहुत प्रभावी है। अगर आपके दांत पीले पड़ गए हैं को आप एक पकी हुई स्ट्रॉबेरी को मैश करके उसका पेस्ट बनाएं और दांतों पर लगाएं। 5 मिनट बाद पानी से धो लें।

### 5. सेब का सिरका

दांतों की सफेदी और मुंह के पीएच लेवल को बैलेंस करने के लिए यह एक शानदार उपाय है। इसके इस्तेमाल करने का तरीका भी जान लें। सबसे पहले एक कप पानी में आधा चम्मच सेब का सिरका मिलाएं। इस मिश्रण से कुल्ला (कुंत) करें। ध्यान रहे कि सिरका कभी भी सीधे दांतों पर न लगाएं, इसे हमेशा पानी में घोलकर ही इस्तेमाल करें।

# वजन घटाने के लिए रोज 10हजार कदम चलना सबसे खतरनाक

**फिटनेस** की दुनिया में इन दिनों '10,000 कदम' का जादू हर किसी के सिर चढ़कर बोल रहा है। स्मार्टवॉच से लेकर मोबाइल ऐप्स तक, हर कोई इसी जादुई आंकड़े को छूने की होड़ में है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि जिस ट्रेंड को आप अपनी सेहत का रक्षक मान रहे हैं, वही आने वाले समय में आपकी हड्डियों और मांसपेशियों का दुश्मन बन सकता है? हाल ही में प्रसिद्ध फिटनेस विशेषज्ञ और 'बॉक्स एरा' की संस्थापक जीत सांघवी ने इस थ्योरी पर एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि बिना सोचे-समझे 10 हजार स्टेप्स के पीछे भागना आपको फिट नहीं, बल्कि बीमार बना सकता है। आइए जानते हैं कि जीत सांघवी ने क्यों इस ट्रेंड को हेल्थ के लिए खतरनाक बताया और कहां से आया ये ट्रेंड...

## कहां से आया 10 हजार कदम चलने का चलन?

अक्सर लोग इसे वैज्ञानिक पैमाना मानते हैं, लेकिन सच यह है कि 10,000 कदम चलने का चलन जापान में एक मार्केटिंग आइडिया के रूप में शुरू हुआ था। इसे 'मानपो-केई' नाम के एक स्टेप-काउंटर को बेचने के लिए प्रचारित किया गया था। विशेषज्ञों का मानना है कि यह आंकड़ा हर किसी के शरीर और क्षमता के लिए सही नहीं हो सकता।



## क्यों खतरनाक हो सकता है यह ट्रेंड?

फिटनेस एक्सपर्ट जीत सांघवी के पास हाल ही में एक ऐसा केस आया जिसने इस ट्रेंड के काले पक्ष को उजागर कर दिया। एक महिला, जो सालों से रोज 10,000 कदम चल रही थी और खुद को फिट मानती थी, अचानक गंभीर चक्कर आने और कमजोरी का शिकार हो गई। एक्सपर्ट के अनुसार, इसके पीछे के मुख्य कारण ये हैं:

**मांसपेशियों में कमी :** केवल पैदल चलने से शरीर में स्ट्रेंथ ट्रेनिंग की कमी हो जाती है, जिससे मसल्स कमजोर होने लगती हैं।

**चोट का खतरा :** पैरों के जोड़ों और घुटनों पर लगातार दबाव पड़ने से ऑस्टियोपोरोसिस और अन्य हड्डी संबंधी रोग हो सकते हैं।

**पोषक तत्वों की कमी:** अगर डाइट और नींद सही न हो, तो इतना चलना शरीर को अंदर से खोखला कर सकता है।

## वेट लॉस का सबसे खराब तरीका?

अगर आपका लक्ष्य केवल वजन कम करना या एथलेटिक बॉडी पाना है, तो हर दिन 10,000 कदम चलना सबसे धीमा और कम प्रभावी तरीका हो सकता है। जीत सांघवी के अनुसार, अंधाधुंध चलने से टाइप 2 मधुमेह, मोटापा और हृदय रोग जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियां भी पनप सकती हैं, क्योंकि इसमें शरीर का 'मेटाबॉलिक बैलेंस' बिगड़ जाता है।

## असली फिटनेस के लिए फॉलो करें ये '4 पिलर्स'

**स्ट्रेंथ ट्रेनिंग:** मांसपेशियों की मजबूती के लिए वजन उठाना या बॉडीवेट एक्सरसाइज जरूरी है।

**सही कार्डियो:** दिल की सेहत के लिए संतुलित कार्डियो सत्र।

**उचित पोषण:** बिना सही प्रोटीन और कार्ब्स के शरीर रिकवर नहीं कर पाता।

**गहरी नींद:** फिटनेस का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा रिकवरी है, जो केवल नींद से आती है।

संपादकीय

## निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर बढ़ा संकट, सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से उठे वाजिब सवाल

सवाल है कि तीन सदस्यीय चयन समिति में सरकार के दो प्रतिनिधि शामिल होने से क्या नियुक्ति प्रक्रिया में पूरी निष्पक्षता की उम्मीद की जा सकती है? निर्वाचन आयोग एक स्वायत्त एवं संवैधानिक संस्था है, जो चुनावी प्रक्रिया का संचालन करने के लिए उत्तरदायी है। यही वह संस्था है, जो लोकतंत्र के मूल तत्त्व को जिंदा बनाए रख सकती है। मगर पिछले कुछ वर्षों से निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर जिस तरह से सवाल उठ रहे हैं, उससे उसकी विश्वसनीयता संदेह के घेरे में आ गई है। दरअसल, कोई भी प्राधिकरण तभी स्वायत्त और निष्पक्ष हो सकता है, जब उस पर कोई बाहरी दबाव न हो और उसके पदाधिकारियों का चयन भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत निष्पक्ष तरीके से किया जाए। निर्वाचन आयोग में नियुक्तियों को लेकर कई स्तर पर आरोप लगते रहे हैं। अब सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस पर महत्त्वपूर्ण टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को इस मामले में कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संविधान की मूल संरचना का हिस्सा हैं और यह तभी सुनिश्चित किया जा सकता है, जब निर्वाचन आयोग स्वतंत्र हो और इसके कार्यों में स्वायत्तता प्रतीत भी हो। गौरतलब है कि वर्ष 2024 में लागू किया गया मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 में यह प्रावधान है कि निर्वाचन आयोग में आयुक्तों की नियुक्तियां राष्ट्रपति द्वारा चयन समिति की सिफारिश के आधार पर की जाएंगी। इस समिति में पहले प्रधानमंत्री, प्रधान न्यायाधीश और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल थे, मगर नए कानून में प्रधान न्यायाधीश की जगह केंद्रीय मंत्री को शामिल किया गया है। शीर्ष अदालत में इस कानून की संवैधानिकता को चुनौती दी गई है। सवाल है कि तीन सदस्यीय चयन समिति में सरकार के दो प्रतिनिधि शामिल होने से क्या नियुक्ति प्रक्रिया में पूरी निष्पक्षता की उम्मीद की जा सकती है? स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की आत्मा को प्रतिबिंबित करता है, ऐसे में अगर निर्वाचन आयोग की संरचना पर ही सवाल उठते रहे, तो जनता के भरोसे का क्या होगा। इसी पहलू पर गौर करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा है कि विश्वास का स्तर इतना होना चाहिए कि ऐसा प्रतीत हो कि चयन समिति में कोई तीसरा निष्पक्ष व्यक्ति भी शामिल है। शीर्ष अदालत की इस टिप्पणी से निर्वाचन आयोग में नियुक्ति प्रक्रिया को संतुलित किए जाने की उम्मीद जगी है।

# महिला डॉक्टर से सरेराह चेन स्नेचिंग

### भाग रहे लुटेरे अनियंत्रित होकर गिरे,जनता ने दबोचा

**इन्दौर।** तिलक नगर थाना क्षेत्र में जनता की सजगता से दो शातिर लुटेरे रंगेहाथ पकड़े गए। आरोपियों ने एक महिला डॉक्टर को निशाना बनाते हुए उनके गले पर झपट्टा मारा था, लेकिन वे वारदात को अंजाम देकर भाग पाते, उससे पहले ही जनता ने घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया।

पुलिस के अनुसार, घटना तिलक नगर क्षेत्र के महावीर नगर की है। फरियादी डॉ. कीर्ती तिवारी निवासी महावीर नगर, कनाडिया रोड ने थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डॉ. कीर्ती ने पुलिस को बताया कि वे अपने घर से पास में ही स्थित एक मंदिर में दर्शन करने जा रही थीं। जैसे ही वे महावीर नगर गार्डन के पास पहुँचीं, सामने से एक काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो बदमाश आए।बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने डॉ. कीर्ती के नजदीक पहुँचते ही अचानक उनके गले पर झपट्टा मारा और सोने की चेन खींच ली। झटका इतना तेज था कि सोने की चेन टूट गई। चेन का एक छोटा हिस्सा ही आरोपी के हाथ में आ सका, जबकि बड़ा हिस्सा डॉक्टर के गले में ही रह गया। इस अचानक हुए हमले और खींचतान के कारण डॉ. कीर्ती का संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क पर नीचे गिर गईं।चेन खींचकर भागने की हड़बड़ाहट में आरोपियों की मोटरसाइकिल भी अनियंत्रित हो गई और दोनों लुटेरे गाड़ी सहित सड़क पर गिर पड़े। डॉ. कीर्ती द्वारा शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोग और राहगीर तुरंत मदद के लिए दौड़े। नागरिकों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को चारों तरफ से घेरकर पकड़ लिया और उनकी धुनाई करने के बाद तुरंत तिलक नगर पुलिस के हवाले कर दिया।पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर जब पूछताछ की तो उनकी पहचान जाहिद पिता मेंहदी हुसैन निवासी ग्राम हेडा, जिला राजगढ़ और बाबू उर्फ गुफरान अली निवासी पचौर, जिला राजगढ़ के रूप में हुई। पुलिस ने डॉ. कीर्ती तिवारी की रिपोर्ट पर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की बाइक जब्त कर उनके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है।

# शराब के पैसों के लिए घर में घुसकर तांडव

**इन्दौर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने शराब के पैसों के लिए एक परिवार पर हमला कर दिया। आरोपी ने न सिर्फ महिला पर हाथ उठाया, बल्कि एक असहाय विकलांग बुजुर्ग को भी बेरहमी से निशाना बनाया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

**महिला को जड़ा थप्पड़ दिव्यांग जेठ को जमीन पर गिराकर पेट पर चढ़ा बदमाश**

पुलिस के अनुसार, फरियादी रुपा बागरी निवासी सिद्धार्थ नगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रुपा ने बताया कि आज सुबह वह अपने घर में मौजूद थी, तभी मोहल्ले का ही रहने वाला आरोपी हेमू जाट जबरन उसके घर के भीतर घुस आया। घर में घुसते ही आरोपी ने अपनी धौंस दिखाते हुए कहा, मुझे शराब पीना है, तू मुझे शराब पीने के लिए पैसे दे।जब रुपा ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी को पैसे देने से साफ मना कर दिया और कहा कि तू अपनी मां से पैसे मांग, मुझसे क्यों मांग रहा है, मैं तुझे पैसे नहीं दूंगी, तो हेमू जाट आपा खो बैठा। वह गालियां देने लगा। रुपा ने जब गाली देने का विरोध किया, तो आरोपी ने उसके गाल पर जोरदार थप्पड़ जड़ दिया। इस दौरान रुपा के विकलांग जेठ गौतम बीच-बचाव करने आगे आए, तो आरोपी ने उन्हें धक्का देकर नीचे गिरा दिया। आरोपी यहीं नहीं रुका, वह दिव्यांग गौतम के पेट पर चढ़ गया और उन्हें लात-मुक्कों से बुरी तरह पीटने लगा।पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े, जिन्हें देखकर आरोपी हेमू जाट जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से भाग निकला।

# एरोड्रम क्षेत्र में पुलिस का पैदल मार्च

### डीसीपी ने बल के साथ संभाला मोर्चा, 60 फीट और एयरपोर्ट रोड पर सुरक्षा व्यवस्था परखी



**इन्दौर।** शहर में अपराधों पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए इंदौर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी लगातार जमीन पर उतरकर मुस्तैदी दिखा रहे हैं। इसी कड़ी में डीसीपी जोन-01 नरेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में एरोड्रम थाना क्षेत्र में एक बड़ा फ्लैग मार्च निकाला गया।

इस पैदल भ्रमण के दौरान डीसीपी नरेंद्र सिंह रावत के साथ एडिशनल डीसीपी सुमित केरकेट्टा, एसीपी विवेक चौहान और एरोड्रम थाना प्रभारी पुलिसबल के उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बल के साथ क्षेत्र के सबसे व्यस्त और प्रमुख मार्गों में शुमार 60 फीट रोड और एयरपोर्ट रोड पर पैदल गश्त की।पैदल भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र के चौराहों, मार्केट एरिया और संवेदनशील पॉइंट का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने सड़क किनारे खड़े रहने वाले संदिग्धों और बिना वजह घूमने वाले युवकों से पूछताछ की और उन्हें चेतावनी दी। इस मार्च का मुख्य उद्देश्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों और आम राहगीरों को सुरक्षा का अहसास कराना तथा क्षेत्र में सक्रिय रहने वाले गुंडे-बदमाशों व असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना है।

# शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर रायबरेली के ठग ने युवक से हड़पे सवा 7 लाख

**इन्दौर।** शेयर बाजार में निवेश के नाम पर कई गुना मुनाफे का लालच देकर एक युवक से लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। शातिर ठग ने पीड़ित को अपने झांसे में लेकर अलग-अलग किश्तों में कुल 7.23 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए और रकम हाथ में आते ही अपना मोबाइल बंद कर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर उत्तर प्रदेश के रायबरेली के रहने वाले आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

कनाड़िया पुलिस के अनुसार, ठगी की यह वारदात मानवता नगर के रहने वाले तरुण चौहान के साथ हुई। तरुण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी अभिषेक पाल निवासी मजरे आलमपुर, रायबरेली, यूपी से उसकी मुलाकात हुई थी। बातचीत के दौरान अभिषेक ने खुद को शेयर मार्केट का एक्सपर्ट बताया और दावा किया कि वह 'एंजल ब्रोकिंग' एप्लिकेशन के जरिए निवेश करता है। उसने तरुण को विश्वास दिलाया कि यदि वह उसके माध्यम से पैसा लगाएगा, तो उसे बहुत कम समय में भारी मुनाफा मिलेगा। आरोपी की बातों पर भरोसा करके तरुण ने निवेश करना शुरू कर दिया। उन्होंने 24 अप्रैल से लेकर 4 अक्टूबर के बीच अलग-अलग तारीखों में कुल 7,23,000 रुपये आरोपी के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर किए, जिसके सभी स्क्रीनशॉट भी उनके पास सुरक्षित हैं। 4 अक्टूबर को आखिरी बार मोटी रकम ऐंठने के बाद आरोपी अभिषेक पाल ने तरुण का फोन उठाना बंद कर दिया और अपनी लोकेशन बदल ली। जब काफी समय बीतने के बाद भी न तो मुनाफा मिला और न ही मूल रकम वापस आई, तब तरुण को ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए तकनीकी इनपुट जुटाए जा रहे हैं।

# सांवेर में जज पर हमला, बीच सड़क पर कार रोककर निकाला चाकू

### बदमाशों ने कहा- तू जज होगा अपने घर का, ड्यूटी जाएगा तो निपटा देंगे'

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

सांवेर थाना क्षेत्र में पदस्थ न्यायाधीश की कार को रोककर दो बदमाशों ने न सिर्फ अभद्रता की, बल्कि चाकू निकालकर उन्हें ड्यूटी पर जाते समय रास्ते में निपटाने की सीधी धमकी दे डाली। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी कर रही है।

पुलिस के अनुसार, घटना सांवेर के कुडाना रोड स्थित सुरेंद्र सोलंकी के घर के सामने की है। फरियादी न्यायाधीश डॉ. रविकांत पिता करण सोलंकी (47), निवासी रेस्ट हाउस के सामने, सांवेर अपनी कार से गुजर रहे थे तभी अचानक उनके सामने मोटरसाइकिल सवार दो युवक आए और उन्होंने कार के आगे अपनी बाइक अड़ाकर रास्ता रोक लिया।बाइक सवार दोनों बदमाश कार के सामने आते ही गालियां देने लगे। इसके बाद एक आरोपी कार की ड्राइवर साइड आया और जज साहब से कार का कांच नीचे उतारने को कहा। सुरक्षा के लिहाज से जब उन्होंने कार का कांच नीचे नहीं उतारा, तो आरोपी ने आव देखा न ताव, तुरंत कमर से धारदार चाकू निकाला और कार के कांच पर दे मारा।जज को कार के भीतर देखकर भी आरोपियों के हौसले पस्त नहीं हुए। चाकू मारकर कांच को क्षतिग्रस्त करने के बाद आरोपी चिल्लाकर कहने लगा कि तुझे बहुत गर्मी चढ़ गई है, तेरी गर्मी उतारता हूँ। एक-दो चाकू में तुझे यहीं निपटा दूंगा।'इसके बाद बदमाशों ने न्यायपालिका और उनके पद को चुनौती देते हुए कहा, तू जज होगा तो अपने घर का होगा, तू कभी भी ड्यूटी जाएगा तो तुझे रास्ते में निपटा देंगे।वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धौंस देते हुए तेजी से भाग निकले।एक न्यायिक अधिकारी पर इस तरह सरेराह हमले और धमकी की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सांवेर पुलिस ने फरियादी डॉ. रविकांत सोलंकी की रिपोर्ट पर आरोपी विजय पिता मांगीलाल सुसनेरिया निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सांवेर और संदीप प्रजापत निवासी सांवेर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# इंदौर पुलिस का वीकेंड हंटर... एक ही रात में 439 बदमाशों पर एक्शन

## शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 200 चालकों पर केस दर्ज






**इन्दौर।** शहर में देर रात तक हुड़दंग मचाने वालों, ड्रग पेंडलर्स और आदतन अपराधियों पर नकेल कसने के लिए इंदौर पुलिस ने स्पेशल वीकेंड नाइट चेकिंग अभियान चलाया। सभी थानों के बल ने अपने-अपने क्षेत्रों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर सड़कों पर मोर्चा संभाला। इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से रात के समय शहर में अवैध गतिविधियों में लिप्त रहने वाले तत्वों में हड़कंप मच गया।

इस बार पुलिस की चेकिंग का तरीका काफी आधुनिक रहा। पारंपरिक नाकाबंदी के साथ-साथ शहर के संवेदनशील क्षेत्रों, तंग गलियों, मल्टियों और शैडो एरियामें ड्रोन कैमरों से पेट्रोलिंग की गई। ड्रोन की मदद से छतों और सुनसान मैदानों में बैठे संदिग्धों को चिह्नित कर पुलिस टीमों ने मौके पर जाकर दबोचा। इसके अलावा प्रमुख बाजारों और चौराहों पर पुलिस ने पैदल मार्च भी किया। इस दौरान चाकूबाजों, ड्रग पेडलर, जिलाबदर और संदिग्धों सहित कुल 439 बदमाशों को चेक कर उन पर उचित वैधानिक कार्रवाई की गई और आगे अपराध न करने की हिदायत दी गई।वीकेंड पर पब, बार और क्लबों से निकलकर हुड़दंग करने वाले और शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले लापरवाह चालकों पर पुलिस ने सख्त एक्शन लिया। चेकिंग के दौरान ब्रीथ एनालाइजर से जांच कर 200 वाहन चालकों को पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कोर्ट चालान की कार्रवाई कर वाहन जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी ताकि शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के कारण होने वाले सड़क हादसों पर रोक लगाई जा सके।इस महा-अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न प्रकरणों में वांछित अपराधियों के कुल 123 वारंटों को तामील कराने में सफलता हासिल की है। इसमें लंबे समय से पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहे 23 स्थाई वारंटी, 37 गिरफ्तारी वारंट और 55 जमानती वारंट शामिल हैं, जिन्हें कोर्ट के आदेश पर तामील कराया गया है। इस दौरान कई ऐसे शातिर और फरार अपराधी भी पुलिस की गिरफ्त में आए हैं जो लंबे समय से फरार चल रहे थे।सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से नशा करने वालों पर भी पुलिस ने कड़ा शिकंजा कसा, जिसमें खुले में शराब का सेवन करने वाले 04 आरोपियों और अवैध मादक पदार्थ गांजा पीते हुए 02 आरोपियों को रंगेहाथ गिरफ्त में लिया गया। इसके साथ ही अवैध शराब की गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए थाना परदेशीपुरा पुलिस ने एक आरोपी से 30 क्वार्टर अवैध देशी शराब और थाना तुकोगंज पुलिस ने भी एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 30 क्वार्टर अवैध देशी शराब जब्त की है। दोनों ही थानों में आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# कचरे में मिला बिल तो ट्रेडर्स हुआ सील

### 35 हजार का लगाया जुर्माना तब जाकर खोला स्टोर



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** झोन 21 के कल्याण मार्ट के समीप कचरा फेंका गया था। इस कचरे में रिलायंस ट्रेडर्स के बिल मिले। यह कचरा ट्रैक्टर से भरकर खुले में फेंका गया था उसी के बाद निगम की स्वास्थ्य विभाग टीम विजय यादव, रवि सिंह ने कचरे को खंगलवाया और उसमें कल्याण मार्ट में बने रिलायंस ट्रेडर्स स्टोर के बिल मिलने पर वहां पहुंचकर 35 हजार रु. की चालानी कार्रवाई की गई तो रिलायंस ट्रेडर्स ने अपनी गलती मानने की बजाय चालान भरने से भी मना कर दिया। इस पर निगम की स्वास्थ्य विभाग टीम ने स्टोर को सील कर दिया तब जाकर 35 हजार रु. का स्पॉट फाइन भरने को तैयार हुए संचालक और जुर्माना भरा तभी सील खोली गई।

## पुलिस ने बदमाशों को एकसाथ बैठाकर दी चेतावनी



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** थाना राऊ के प्रभारी राजपालसिंह राठौर ने थाना क्षेत्र के सभी बदमाशों के रिकार्ड की समीक्षा की और उन्हें थाना परिसर में बुलाकर एक जगह बैठाया और चेतावनी भी दी कि वे जो पूर्व में अपराध किए गए हैं उनकी पुनरावृत्ति नहीं करेंगे। इन्हें अपराध नहीं करने की शपथ भी दिलाई गई। पुलिस ने दो टूक कहा कि राऊ थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी, अवैध वसूली, नशाखोरी या शांति भंग करने के प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब अगर अपराध बढ़े तो जिलाबदर और रासुका जैसी कार्रवाई भी की जा सकती है।

## 9 को किया जिलाबदर, 5 पर कसा शिकंजा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के निर्देश पर 14 बदमाशों पर पुलिस ने शिकंजा कसा, जिसमें 9 को जिलाबदर इंदौर सीमावर्ती जिलों से किया गया। 5 पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए। इनमें साहिल उर्फ जाहिद उर्फ बच्चा और अमर उर्फ अमान उर्फ टिलटिल थाना खजराना, हर्ष मालवीय थाना बाणगंगा, देवेन्द्र सरोज, आकाश बौरासी थाना परदेशीपुरा, लोकेश उर्फ भांजा और विनोद जाधव थाना गांधी नगर, जीवन कौशल थाना सदर बाजार, जीवांशु उर्फ ध्रुव थाना छत्रीपुरा पर जिलाबदर की कार्रवाई की गई। इनके खिलाफ कई प्रकरण होने की बात पुलिस ने बताई। वहीं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई में गोलू उर्फ शाहरूख मल्हारगंज थाना, साजिद उर्फ चेतन लाला खजराना थाना, अरुण बोवनिया लसूड़िया थाना, राजा वर्मा सेन्ट्रल कोतवाली, कमल उर्फ कम्मू यादव एमजी रोड थाना पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। इन सभी को थाना में रोज हाजिरी देना होगी।

# केकेआर की जीत से और रोचक हुई प्लेऑफ की रेस, अब भी 7 टीमें रेस में

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने शनिवार को आईपीएल 2026 के 60वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 29 रन से शिकस्त देकर प्लेऑफ की रेस को बेहद दिलचस्प बना दिया है। इस जीत के साथ केकेआर ने खुद को टूर्नामेंट में जिंदा रखा है और अब वह 12 मैचों में 5 जीत और 11 अंकों के साथ 7वें पायदान पर आ गई है।

### कोलकाता के लिए बचा हुआ मौका

केकेआर को प्लेऑफ का टिकट पाने के लिए अपने बाकी बचे दोनों मैच हर हाल में बड़े अंतर से जीतने होंगे साथ ही दूसरी टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा। वहीं दूसरी तरफ, हार के बावजूद गुजरात टाइटंस 13 मैचों में 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मजबूत स्थिति में है। गुजरात को टॉप 2 में जगह पक्की करने के लिए अपने आखिरी मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को मात देनी होगी।

### आरसीबी टॉप पर मौजूद

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु फिलहाल 12 मैचों में 8 जीत और बेहतरीन नेट रन रेट (1.053) के साथ 16 अंक लेकर अंक तालिका में टॉप पर काबिज है। आरसीबी को प्लेऑफ में आधिकारिक तौर पर जगह पक्की करने के लिए अपने बाकी दो मैचों में से सिर्फ एक जीत की दरकार है। वहीं गुजरात टाइटंस (16 अंक) भी क्वालीफाई करने की दहलीज पर है। अगर वह सीएसके के खिलाफ अपना आखिरी मैच जीत जाती है तो 18 अंकों के साथ न सिर्फ प्लेऑफ में पहुंचेगी बल्कि टॉप-2 में भी अपनी जगह लगभग तय कर लेगी।

### सनराइजर्स और पंजाब के बीच जंग

सनराइजर्स हैदराबाद 12 मैचों में 14 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। हैदराबाद को प्लेऑफ में सुरक्षित पहुंचने के लिए अपने अंतिम दो मुकाबलों में से एक जीत की जरूरत है। वहीं पंजाब किंग्स 12 मैचों में 6 जीत, 5 हार और 1 बेनतीजा मैच के बाद 13 अंकों के साथ चौथे पायदान पर टिकी है। पंजाब के लिए समीकरण बिल्कुल साफ है, उसे प्लेऑफ का टिकट पक्का करने के लिए अपने बचे हुए दोनों मुकाबले जीतने होंगे जिससे वह 17 अंकों तक पहुंच सके।

### राजस्थान, चेन्नई और कोलकाता के बीच करो या मरो की स्थिति

प्लेऑफ की रेस में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) 12-12 अंकों के साथ क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर बनी हुई हैं। राजस्थान ने केवल 11 मैच खेले हैं, जिससे उसके पास 16 अंकों तक पहुंचने का शानदार मौका है। वहीं डिफेंडिंग चैंपियन सीएसके (12 मैच, 12 अंक) के लिए अब हर मैच नॉकआउट जैसा है।

चेन्नई को अपने बाकी दोनों मैच जीतने होंगे। कोलकाता नाइट राइडर्स (11 अंक) भी इसी फेहरिस्त में शामिल है जिसे अपने अगले दोनों मैच जीतने के साथ-साथ यह दुआ करनी होगी कि पंजाब, राजस्थान और चेन्नई अपने आगामी मैच हार जाएं। वहीं दिल्ली, मुंबई और लखनऊ की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हैं।

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री शैलेन्द्र पिता श्यामलाल सोनी श्रीमती अनिता पति शैलेन्द्र सोनी** द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड/मकान नं. 1206 बिन्दू एवेन्यू सुदामा नगर सेक्टर डी इन्दौर पिन नं.1001227228 का भाग सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.14 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**नगर निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री तुलसीदास पिता श्री प्रेमजी पटेल** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1000873706 पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नं. 17-1 लाबरिया भेरू पैकी भाग इन्दौर के नाम दर्ज सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **(1) आशा जैन पति भूपेन्द्र जैन, (2) मीना जैन पति जितेन्द्र जैन** पता 5 पार्क रोड 507 शेखर पार्क अपार्टमेंट इन्दौर झोन क्र. 09 राजस्व विभाग पर सर्विस क्र.1001020644 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.09 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 09**
**नगर निगम इन्दौर**

# केकेआर के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद अभी भी जिंदा

**कोलकाता।** आईपीएल 2026 में पहले 6 में से 5 मैच हारने के बाद किसी को उम्मीद नहीं थी कि कोलकाता नाइट राइडर्स यहां से प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर सकती है। मगर अगले 6 में से 5 मैच जीतकर केकेआर ने प्लेऑफ की रेस में खुद को जिंदा रखा है। कोलकाता को सीजन की अपनी 5वीं जीत गुजरात टाइटंस के खिलाफ मिली। जीटी के खिलाफ पहले बैटिंग करते हुए केकेआर ने 247 रन बोर्ड पर लगाए। इस विशाल स्कोर के सामने गुजरात की टीम को उन्होंने 218 रनों पर रोक, मैच को 29 रनों से अपने नाम किया। केकेआर की किस्मत पूरी तरह से अपने हाथों में नहीं है। उनके इस सीजन दो ही मैच बाकी है

### कैसे कोलकाता नाइट राइडर्स को मिल सकता है प्लेऑफ का टिकट

कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल 2026 में अभी दो और मैच खेलने हैं। अगर उन्हें प्लेऑफ की दौड़ में बना रहना है तो सबसे पहले इन दोनों मैचों में जीत दर्ज करनी होगी। केकेआर का अगला मैच मुंबई इंडियंस के खिलाफ 20 मई को है, वहीं लीग स्टेज में उनकी आखिरी भिड़ंत दिल्ली



कैपिटल्स से 24 मई को होगी। केकेआर के खाते में फिलहाल 11 अंक है और वह पॉइंट्स टेबल में 7वें पायदान पर है। अगर वह अगले दोनों मैच जीतने में कामयाब रहती है तो कोलकाता अधिकमत 15 अंकों तक पहुंच पाएगी। इस स्थिति में प्लेऑफ की टिकट की उम्मीद की जा सकती है।

कोलकाता नाइट राइडर्स को 15 अंक हासिल करने के बाद दूसरी टीमों की हार की दुआएं करनी होगी। फिलहाल केकेआर के अलावा गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद, पंजाब किंग्स, राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीमें प्लेऑफ की दौड़ में हैं। डीसी के प्लेऑफ में पहुंचने के चांसेस ना के बराबर है। वहीं जीटी, आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें प्लेऑफ के बेहद नजदीक है।

अगर केकेआर को प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना है तो उन्हें पंजाब, राजस्थान और चेन्नई के मैचों पर नजर रखनी होगी। केकेआर उम्मीद करेगा कि यहां से ये तीनों टीमें एक से ज्यादा मैच ना जीते। अगर ऐसा हुआ तो आरआर और सीएसके की गाड़ी 14-14 अंकों पर ही अटक जाएगी, वहीं पीबीकेएस 15 अंकों पर पहुंच जाएगा। इस स्थिति में प्लेऑफ में पहुंचने वाली आखिरी टीम का फैसला नेट रन रेट के आधार पर होगी। कोलकाता नाइट राइडर्स को इस स्थिति के लिए अगले दो मैच जीतने के साथ-साथ अपना नेट रन रेट सुधारने की भी जरूरत है।

## युवराज एवं देवांश की घातक गेंदबाजी से इंदौर कोल्टस रोमांचक सेमीफायनल में





**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में अपेक्स क्लब द्वारा आयोजिए एवं संजय लुणावत फाउण्डेशन द्वारा प्रायोजित सुरेशचंद्र लुनावत स्मृति अंडर-19 क्रिकेट स्पर्धा का दो दिवसीय क्वार्टर फायनल मैच इंदौर कोल्ट्स एवं एमकेसीसी के मध्य खेला गया जिसमें एमकेसीसी ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 16 ओवरो में सभी विकेट खोकर मात्र 50 रन बनाये । कोई भी बल्लेबाज उल्लेखनीय प्रदर्शन नहीं कर पाया । युवराज कंसाना ने घातक गेंदबाजी करते हुए मात्र 11 रन देकर 8 विकेट हासिल किये तथा देवांश तोमर ने 2 विकेट लिये। जवाब में इंदौर कोल्टस ने अपनी पहली पारी में 54 ओवरो में सभी विकेट खोकर 123 रन बनाये और 73 रनों की महत्वपूर्ण बढत हासिल की । भव्य चौहान ने सर्वाधिक 32 रन बनाये। मोहनीश पाटीदार ने 4 विकेट तथा इशान जायसवाल व भव्य अग्रवाल ने 3-3 विकेट लिये। जवाब में एमकेसीसी ने अपनी दूसरी पारी में 47 ओवरो में सभी विकेट खोकर 138 रन बनाये और इंदौर कोल्ट्स को जीत के लिये 66 रनों का लक्ष्य दिया । देवांश तोमर ने 6 विकेट एवं युवराज कंसाना ने 2 विकेट लिये । लक्ष्य का पीछा करते हुए इंदौर कोल्ट्स की टीम ने 24 ओवरो में 5 विकेट खोकर 68 रन बना लिये और यह मैच 5 विकेट से जीतकर सेमीफायनल में प्रवेश किया । मोहनीश पाटीदार ने 3 विकेट लिये । पूरे मैच में इंदौर कोल्ट्स के युवराज कंसाना ने 10 विकेट एवं देवांश तोमर ने 8 विकेट हासिल किये।

### आयसीसी महावीर टी-20 क्रिकेट स्पर्धा

## पार्थ साहनी एवं अभिषेक वर्मा के उम्दा प्रदर्शन से सीसीआय रोमांचक जीत के साथ फायनल में







**इंदौर ।** आईडीसीए के तत्वावधान में आयसीसी द्वारा आयोजित आयसीसी महावीर टी-20 क्रिकेट स्पर्धा का सेमीफायनल मैच एमवायसीसी एवं सीसीआय के मध्य खेला गया जिसमें सीसीआय ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 5 विकेट खोकर 201 रन बनाये । पार्थ साहनी ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 8 चैके व 7 छक्को की मदद से नाबाद 97 रन तथा कार्तिक परिहार व कुलदीप ने 36-36 रनों का योगदान दिया। जवाब में एमवायसीसी की टीम 19 ओवरो में 179 रनों पर सिमट गई और यह मैच 22 रनों से हार गई । हिमांशु मंत्री ने शानदार 98 रनों का योगदान दिया लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके । अभिषेक वर्मा ने धातक गेंदबाजी करते हुए 26 रन देकर 4 विकेट तथा रेहान व राज ने 2-2 विकेट लिये।

# 40 हज़ारी इनामी राशि चेकमेट चैलेंज रैपिड शतरंज स्पर्धा 24 मई को

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

गर्मी की छुट्टियों के दौरान बच्चों के हुनर को मंच देने के उद्देश्य से द डायसपार्क स्कूल द्वारा चेकमेट चैलेंज एक दिवसीय रैपिड शतरंज स्पर्धा 2026 का आयोजन 24 मई रविवार को बाबू लाभचंद छजलानी मार्ग इंदौर स्थित स्कूल परिसर में किया जा रहा है जिसमें 10 एवं 15 वर्ष आयु वर्गों के प्रथम 10 विजेता बालक एवं बालिकाओं में कुल 40 हज़ार की इनामी राशी वितरित की जाएगी और जिसमें 14 ट्रॉफी, 28 मेडल्स एवं प्रमाण पत्र शामिल है तो वही यंगेस्ट बॉय एवं गर्ल को ट्रॉफी के साथ भाग लेने वाले सभी 100 खिलाड़ियों को भी प्रमाण पत्र के साथ प्रोत्साहित किया जाएगा।

आयोजन समिति के समन्वयक शिशिर देशमुख ने बताया की यह एक दिवसीय रैपिड स्पर्धा यूनाइट इंदौर चेस क्लब एवं डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न की जा रही है । आयोजन सचिव इंटरनेशनल ऑर्बिटर एवं इंस्ट्रक्टर सुनील सोनी ने बताया की स्पर्धा के मुख्य निर्णायक योगेश मोहिते है एवं यह स्पर्धा 20 मिनट्स ऱ 5 सेकंड्स इंक्रेमेन्ट्स समय के साथ स्विस लीग पद्धति से खेली जाएगी जिसमें केवल 100 खिलाड़ियों को ही प्रवेश की पात्रता रहेगी, प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 22 मई निर्धारित की गई है इसलिए जल्दी से जल्दी खिलाड़ी अपना पंजीयन करवा ले।

स्पर्धा में प्रवेश लेने के लिए रेसकोर्स रोड़ स्थित अभय प्रशाल में यूनाइट इंदौर चेस क्लब के शतरंज प्रशिक्षण स्थल पर आकर फॉर्म भरने अथवा घर बैठे ही ऑनलाइन गूगल फॉर्म भरने जैसी दोनों ही प्रक्रिया का चयन कर सकते है । पंजीयन सम्बंधित जानकारी के लिए आकांक्षा आस्तिक, ओम कुशवाह, दिव्यांशु अग्रवाल, आशा मंसारे, नीति विश्वकर्मा एवं ज्योति सोनी से संपर्क कर सकते हैं।

# सुनील नरेन ने बना दिया आईपीएल का सबसे बड़ा रिकॉर्ड

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ( केकेआर ) के स्टार मिस्ट्री स्पिनर सुनील नरेन ने शनिवार को आईपीएल के इतिहास में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया है। ईडन गार्डन्स में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैदान पर उतरते ही नरेन आईपीएल में 200 मैच खेलने वाले इतिहास के पहले विदेशी क्रिकेटर बन गए हैं।

### सुनील नरेन ने बनाया रिकॉर्ड

साल 2012 में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ अपने आईपीएल करियर की शुरुआत करने वाले नरेन ने तब से लेकर आज तक सिर्फ इसी एक फ्रेंचाइजी के लिए वफादारी निभाई है। आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले विदेशी खिलाड़ियों की लिस्ट में भी अब सुनील नरेन टॉप पर पहुंच गए हैं। इस मामले में उन्होंने वेस्टइंडीज के ही अपने पूर्व साथी कीरोन पोलार्ड को पीछे छोड़ा है जिन्होंने साल 2010 से 2022 के बीच मुंबई इंडियंस के लिए 189 मैच खेले थे।

### कई रिकॉर्ड हुए नाम

नरेन न सिर्फ आईपीएल इतिहास के सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले विदेशी खिलाड़ी बने हैं बल्कि वह केकेआर के लिए 200 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं। लीग के इतिहास में किसी एक टीम के लिए



200 या उससे ज्यादा मैच खेलने का कारनामा नरेन से पहले सिर्फ तीन भारतीय दिग्गज विराट कोहली, रोहित शर्मा और एमएस धोनी ही कर सके हैं।

### शानदार रहा केकेआर के लिए करियर

केकेआर को तीन बार आईपीएल चैंपियन बनाने में सुनील नरेन का योगदान खास रहा है। वह कोलकाता के लिए न सिर्फ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं बल्कि बतौर ओपनर और पिंच हिटर उन्होंने बल्लेबाजी में भी तहलका मचाया है। नरेन ने अब तक खेली 126 पारियों में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से 1820 रन भी बटोरे हैं। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो वह आईपीएल इतिहास के इकलौते ऐसे विदेशी गेंदबाज हैं जिन्होंने इस टूर्नामेंट में 200 या उससे ज्यादा विकेट चटकाए हैं।

### इस लिस्ट में भी सबसे ऊपर

गेंदबाजी के रिकॉर्ड्स में भी सुनील नरेन का दबदबा साफ नजर आता है। विदेशी गेंदबाजों में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में नरेन के बाद वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो (183 विकेट) और अफगानिस्तान के राशिद खान (174 विकेट) का नंबर आता है। दिलचस्प बात यह है कि राशिद खान भी शनिवार को कोलकाता के खिलाफ अपना 149वां आईपीएल मैच खेल रहे हैं।

# बुलेट के साइलेंसर से पटाखे फोड़ने वालों पर एक्शन

## चेकिंग के दौरान दो गाड़ियां जब्त, पुलिस ने मौके पर ही निकलवाए मॉडिफाइड साइलेंसर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

सड़कों पर तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर दहशत और प्रदूषण फैलाने वाले वाहन चालकों की अब खैर नहीं है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के सख्त आदेशों के बाद इंदौर ग्रामीण एसपी के निर्देशन में महू पुलिस ने ऐसे हुड़दंगियों के खिलाफ एक विशेष अभियान छेड़ दिया है। इसी कड़ी में पुलिस ने हाट मैदान पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।

पुलिस के अनुसार, महू थाना क्षेत्र के व्यस्ततम क्षेत्र हाट मैदान पर पुलिस टीम नियमित और विशेष वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो बुलेट चालक अपनी गाड़ियों में अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज रफ्तार में वहां से गुजरे। ये चालक साइलेंसर के जरिए शहर के बीचों-बीच तेज आवाज में पटाखे फोड़ रहे थे, जिससे राहगीर और आसपास के दुकानदार सहम गए। चेकिंग पॉइंट पर मुस्तैद पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी कर तुरंत दोनों बुलेट गाड़ियों को रोक लिया। पुलिस ने दोनों वाहन चालकों के खिलाफ यातायात नियमों के उल्लंघन और ध्वनि प्रदूषण फैलाने के तहत विधिवत चालानी कार्रवाई की। इसके साथ ही पुलिस ने मैकेनिक बुलवाकर दोनों गाड़ियों से प्रतिबंधित मॉडिफाइड साइलेंसरों को मौके पर ही निकलवाकर जब्त कर लिया।



# रुपए लौटने के बाद भी गिरवी रखे जेवर हड़पे, मांगने पर डंडे से पीटा

**इन्दौर।** बाणगंगा थाना इलाके में अमानत में खयानत और मारपीट का एक मामला सामने आया है। यहाँ एक व्यक्ति ने अपनी जरूरत के लिए जो सोने-चांदी के जेवर गिरवी रखे थे, उन्हें पैसे चुकाने के बाद जब वापस मांगा, तो आरोपियों की नीयत डोल गई। आरोपियों ने जेवर लौटाने के बजाय फरियादी पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

पुलिस के अनुसार, घटना बाणगंगा क्षेत्र की है। फरियादी रमेश निवासी मारुति नगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रमेश ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर से गणेश धाम चौराहे पर दही खरीदने के लिए गया था तभी चौराहे पर स्थित एक चाय की दुकान के सामने उसे आरोपी अनिल रायकवार निवासी शक्ति नगर और मनोज निवासी गोविंद नगर, खारचा मिल गए।फरियादी रमेश के मुताबिक, उसने कुछ समय पहले अनिल और मनोज के पास अपनी एक सोने की अंगूठी और चांदी की पायजेब महज 6000 रुपये में गिरवी रखी थी। रमेश ने आरोपियों के गिरवी रखे पैसे 6000 रुपये वापस भी लौटा दिए थे, इसके बावजूद दोनों आरोपी उसकी सोने की अंगूठी और चांदी की पायजेब वापस करने में आनाकानी कर रहे थे और नीयत खराब कर दबाकर बैठ गए थे।दही खरीदने गए रमेश ने जब चाय की दुकान के सामने आरोपियों को दोबारा देखा, तो उसने अपने जेवर वापस मांगे। इसी बात को लेकर अनिल और मनोज भड़क गए और रमेश को गालियां देने लगे। जब रमेश ने सरेराह गाली-गलौज करने से मना किया, तो दोनों आरोपियों ने अपने हाथ में लिए लकड़ी के डंडे से रमेश पर हमला कर दिया और उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी।मारपीट के बाद आरोपी फरियादी को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले।

# सूने फ्लैट का ताला तोड़कर डेढ़ लाख की चोरी

### अलमारी से नकदी और ट्रिमर ले उड़े अज्ञात चोर

**इन्दौर। तिलक** नगर थाना क्षेत्र के एक बहुमंजिला अपार्टमेंट को अपना निशाना बनाया। बदमाश सूने घर से नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर आसानी से फरार हो गए।

पुलिस के अनुसार, घटना वैभव नगर स्थित रौनक प्रथम पैराडाइज अपार्टमेंट की है। यहाँ रहने वाले फरियादी दिग्विजय सिंह तोमर पिता दशरथ सिंह तोमर निवासी फ्लैट नंबर 513 ने थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दिग्विजय सिंह ने पुलिस को बताया कि वे किसी काम से बाहर गए हुए थे। जब वे शाम करीब 6:00 बजे अपने घर वापस लौटे, तो फ्लैट के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ देखकर उनके होश उड़ गए।आशंका होने पर जब फरियादी फ्लैट के भीतर दाखिल हुए और कमरे में जाकर देखा, तो वहां रखी लोहे की अलमारी खुली हुई थी और सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने अलमारी को निशाना बनाते हुए उसमें रखे कुल 1 लाख 50 हजार रुपये नकद और एक फिलिप्स कंपनी का सेविंग ट्रिमर चोरी कर लिया था। कोई अज्ञात शातिर चोर सूने फ्लैट की रेकी कर इस वारदात को अंजाम देकर निकल गया।

# बदमाशों ने युवक को घेरा, सिर पर फर्शी का टुकड़ा मारकर किया लहूलुहान

**इन्दौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते आरोपियों ने एक युवक पर हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, घटना एमआईजी क्षेत्र के सुंदर नगर इलाके की है। फरियादी आकाश पिता जियालाल कोचक निवासी सुंदर नगर, ने थाने पहुँचकर अपनी रिपोर्ट दर्ज कराई है। आकाश ने पुलिस को बताया कि वह क्षेत्र में स्थित जैन स्टोर के सामने से पैदल गुजर रहा था। इसी दौरान वहां आरोपी आदित्य उर्फ आदू निवासी सुंदर नगर अपने दो दोस्तों दीपांशू उर्फ चीकू निवासी संचार नगर, बंगाली चौराहा और चेतन निवासी सुंदर नगर के साथ आया और उसका रास्ता रोक लिया।आरोपियों ने आकाश को देखते ही कुछ दिन पहले बच्चों के बीच हुए किसी विवाद को लेकर पुरानी रंजिश निकालते हुए गालियां देना शुरू कर दिया। जब आकाश ने गाली-गलौज का विरोध किया और उन्हें शांत रहने को कहा, तो तीनों आरोपी हिंसक हो उठे। उन्होंने आकाश पर धावा बोल दिया और थप्पड़-मुक्कों से उसकी बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी। इसी बीच, आरोपी आदित्य उर्फ आदू ने सड़क किनारे पड़ा हुआ फर्शी का एक नुकीला टुकड़ा उठाया और आकाश के सिर पर मार दिया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण आकाश लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा।आकाश के चिल्लाने और खून बहता देख आसपास के लोग मदद के लिए आगे आए, जिन्हें देखकर तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से रफूचक्कर हो गए।

# पब से परेशान रहवासियों का दूसरी बार हंगामा







**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** लसूड़िया थाना क्षेत्र के अपोलो हाईस्ट्रीट बिल्डिंग में पब और पब के कारण बाहर पार्किंग में रहवासियों ने पिछले सप्ताह भी आक्रोशित होकर नारेबाजी की थी और विरोध जताया था। इसके बाद भी समस्या हल नहीं हुई तो कल फिर यहां के रहवासियों ने पब के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। रहवासियों ने खुला आरोप लगाया कि पुलिस के संरक्षण में क्लब और पब देर रात तक संचालित हो रहे हैं, आम लोगों का देर रात सोना दूभर हो रहा है और नशेड़ी देर रात तक चिल्लाचोट कर बेवजह विवाद पैदा कर रहे हैं, बेतरतीब वाहन भी लगा रहे हैं, उक्त जानकारी रहवासियों द्वारा दी गई।

# कुर्सी पर बैठे व्यक्ति के पेट में घोंपा चाकू, हालत गंभीर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

चंदन नगर थाना क्षेत्र में एक बदमाश ने दुकान के बाहर बैठे अधेड़ पर पीछे से हमला कर दिया। आरोपी ने उनके पेट में चाकू से ताबड़तोड़ दो वार किए और मौके से फरार हो गया। गंभीर हालत में घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश तेज कर दी है।

चंदन नगर पुलिस के मुताबिक, वारदात चंदू वाला रोड पर हुई। हमले में घायल व्यक्ति का नाम मेहबूब कुरैशी है। मामले में शकीना मंजिल के पास रहने वाले अब्दुल रउफ पिता मोहम्मद रमजान कुरैशी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि वह अपनी दुकान के बाहर कुर्सी लगाकर बैठे थे और उनके पास ही उनके चाचा मेहबूब कुरैशी खड़े होकर बात कर रहे थे। इसी दौरान आरोपी सुनील पिता दयाराम गिरवाल), निवासी रामपुरा बागली हाल मुकाम धर्मराज कॉलोनी, दबे पांव पीछे से आया। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, सुनील ने मेहबूब कुरैशी का गला दबोच लिया।गला पकड़ने के बाद आरोपी सुनील ने जान से मारने की नीयत से अपनी कमर में छिपाकर रखा हुआ धारदार चाकू बाहर निकाला। उसने बेरहमी से मेहबूब के पेट में एक के बाद एक दो बार चाकू घोंप दिया। चाकू लगते ही मेहबूब लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े और उनके पेट से तेजी से खून बहने लगा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी चाकू लहराता हुआ मौके से भाग निकला। खून से सने मेहबूब को परिजनों ने तुरंत संभाला और गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल पहुँचाया, जहां उनका उपचार जारी है। चंदन नगर थाना पुलिस ने फरियादी अब्दुल रउफ की शिकायत पर आरोपी सुनील गिरवाल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## मेडिकल स्टोर संचालक से फेक पेमेंट फ्रॉड

# मां की बीमारी का बहाना बना 3 हजार ऐंठे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

पलासिया थाना क्षेत्र में मानवीय संवेदनाओं का फायदा उठाकर ठगी करने का एक अनोखा मामला सामने आया है। इलाके में एक मेडिकल स्टोर पर दो बाइक सवार बदमाशों ने दुकान संचालक को अपनी बातों में उलझाया और फर्जी ट्रांजैक्शन मैसेज दिखाकर तीन हजार रुपये नकद लेकर चंपत हो गए। पुलिस अब दुकान और आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

पलासिया पुलिस के मुताबिक, घटना टेलीफोन नगर अग्रवाल मेडिकल स्टोर की है।घटना के समय दुकान संचालक विजय अग्रवाल निवासी अग्रवाल नगरअपने मेडिकल स्टोर पर बैठे काम कर रहे थे तभी एक मोटर साइकिल पर दो युवक वहां पहुँचे और उन्होंने अपनी गाड़ी पास ही नाकोड़ा एवरेस्ट नमकीन के पास खड़ी कर दी। एक युवक बाइक स्टार्ट रखकर बाहर ही रुका रहा, जबकि दूसरा युवक दुकान के अंदर दाखिल हुआ। उसने काउंटर पर बैठे विजय अग्रवाल से बेहद लाचारी जताते हुए कहा कि उसकी मां बहुत बीमार है और अस्पताल में हैं। एटीएम से पैसे नहीं निकल पा रहे हैं, इसलिए वह उन्हें ऑनलाइन पेमेंट कर देता है और उसके बदले उसे तीन हजार रुपये नकद दे दिए जाएं।

दुकानदार ने युवक की मजबूरी को सच माना और इंसानियत के नाते उसे तीन हजार रुपये कैश थमा दिए। इसके तुरंत बाद शातिर युवक ने अपने मोबाइल से पेमेंट ट्रांसफर का फर्जी मैसेज भी दुकानदार को।दिखाया, जिसमें राशि क्रेडिट होने की बात लिखी थी। मैसेज दिखाते ही आरोपी बाहर खड़े अपने साथी के साथ बाइक पर तेजी से फरार हो गया। कुछ देर बाद जब संचालक के भतीजे ने बैंक अकाउंट चेक किया, तो पता चला कि कोई राशि क्रेडिट नहीं हुई है और वे ठगी का शिकार हो चुके हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।